भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

(पारस्परिक निधि) विनिमय १९९३

SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA

(MUTUAL FUNDS) REGULATIONS 1993

भारत का राजपत्र

असाधारण

भाग III - खंड - 4

प्राधिकार द्वारा प्रकाशित

मुम्बई 1993

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

मुम्बई 1993

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पारस्परिक निधि) विनियम, 1993

फा. स. सेबी/एलई/13/ बोर्ड, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की धारा 30 के साथ पठित उसकी धारा 11 की उपधारा (2) के खंड (ग) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से इसके द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :–

अध्याय 1

प्रारम्भिक

संक्षिप्त नाम, प्रारंभ और लागू होना।

1 (1) इस विनियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड (पारस्परिक निधि) विनियम, 1992 है।

(2) वे राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

(3) ये विनियम निम्नलिखित के सिवाय सभी पारस्परिक निधियों को लागू होंगे-

(i) अनन्य रूप से मुद्रा बाजार लिखतों में विनिधानों के लिए स्थापित मुद्रा बाजार पारस्पारिक निधि; और

THE GAZETTE OF INDIA

EXTRAORDINARY

PART III - SECTION 4

PUBLISHED BY AUTHORITY

BOMBAY JANUARY 20TH 1993

MINISTRY OF FINANCE

(DEPARTMENT OF ECONOMIC AFFAIRS)

NOTIFICATION

BOMBAY JANUARY 20TH 1993

SECURITIES AND EXCHANGE BOARD OF INDIA (MUTUAL FUNDS) REGULATIONS 1993

F. NO.LE/SEBI/IV/93/. In exercise of the powers conferred by clause (c) of sub-section (2) of section 11 read with section 30 of the Securities and Exchange Board of India, Act 1992, (15 of 1992) the Board hereby, with the previous approval of the Central Government makes the following regulations, namely :-

CHAPTER I

PRELIMINARY

Short title, commencement and Application

1.(1) These regulations may be called the Securities and Exchange Board of India (Mutual Funds) Regulations, 1993.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

(3) These Regulations shall apply to all Mutual Funds except -

(i) Money Market Mutual Fund established for investments exclusively in Money market instruments; and

(ii) Mutual Funds established outside India.

(ii) भारत के बाहर स्थापित पारस्परिक निधियां

परिभाषाएं ।

2 इन विनियमों में :—

(क) "अधिनियम" से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15 अभिप्रेत है;

(ख) 'विज्ञापन' के अन्तर्गत विज्ञापन का प्रत्येक रूप है चाहे किसी प्रकाशन में, सूचनाओं, साइनों, लेबलों के संप्रदर्शन द्वारा या परिपत्रों, सूचीपत्रों या अन्य दस्तावेजों के माध्यम द्वारा, चित्रों या फोटो फिल्मों के प्रदर्शन द्वारा, ध्वनि प्रसारण या टेलिविजन के रूप में या किसी अन्य रीति से हो;

(ग) 'सहयुक्त' के अन्तर्गत ऐसी कंपनी है —

(i) जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वयं या अन्य व्यक्तियों के साथ, यथास्थिति, आस्ति प्रबंध कंपनी या न्यासी पर महत्त्वपूर्ण नियंत्रण का प्रयोग करती है,

(ii) जिसकी बाबत आस्ति प्रबंध कंपनी या न्यासी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से स्वयं या अन्य व्यक्तियों के साथ महत्त्वपूर्ण नियंत्रण का प्रयोग करती है,

(iii) जिसकी बाबत महत्त्वपूर्ण नियंत्रण का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रयोग करता है:

(क) व्यक्तियों द्वारा; या

(ख) ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियोंके नातेदारों द्वारा चाहे स्वयं उनके द्वारा या उनके साथ मिलकर जो अस्ति प्रबंध कंपनी या न्यासी पर महत्त्वपूर्ण नियंत्रण का प्रयोग करते हैं, या

(iv) जिसमें आस्ति प्रबंध कंपनी का कोई निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी, निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी है ।

स्पष्टीकरण : इस खंड के प्रयोजन के लिए 'नातेदार' से कंपनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) की धारा 6 में यथापरिभाषित व्यक्ति है;

Definitions

2. In these Regulations :-

(a) "Act" means the Securities and Exchange Board of India, Act 1992, (15 of 1992).

(b) "advertisement" includes every form of advertising, whether in a publication, by display of notices, signs, labels or by means of circulars, catalogues or other documents, by an exhibition of pictures or photographic films, by way of sound broadcasting or television, or in any other manner.

(c) "affiliate" includes a company -

(i) which directly or indirectly, by itself, or in combination with other persons exercises a significant control over the Asset Management Company or the Trustee, as the case may be,

(ii) in respect of which the Asset Management Company or the Trustee, directly or indirectly, by itself, or in combination with other persons exercises a significant control;

iii) in respect of which significant control is exercised directly or indirectly -

a) by persons or,

b) the relatives of such person or persons whether by themselves or in combination, who exercise significant control over the Asset Management Company, or the Trustee; or

(iv) in which any director, officer or employee of the Asset Management Company is a director, officer or employee.

Explanation : for the purpose of this clause "relative" means a person as defined in Section 6 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956).

(d) "asset management company" means a company formed and registered under the Companies Act, 1956 (1 of 1956) and approved by the Board under Regulation 20.

(घ) 'आस्ति प्रबंध कंपनी' से अधिनियम, 1956 (1956 का 1) के अधीन बनाई गई और रजिस्ट्रीकृत तथा बोर्ड द्वारा विनियम 20 के अधीन अनुमोदित कंपनी है ।

(ङ) 'संवृत्त स्कीम' से विवृत्त स्कीम से भिन्न पारस्परिक निधि की कोई स्कीम अभिप्रेत है जहां स्कीम की अवधि विनिर्दिष्ट है;

(च) 'अभिरक्षक' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो प्रतिभूतियों को सुरक्षा में रखने का क्रियाकलाप करता है या प्रतिभूतियों के परिदान करने के लिए ग्राहकों की और से किसी समाशोधन पद्धति में भाग लेता है;

(छ) 'जांच अधिकारी' से बोर्ड का कोई ऐसा अधिकारी या कोई अन्य व्यक्ति अभिप्रेत है जिसे प्रतिभूति बाजार से संबंधित समस्याओं के संबंध में कार्यवाही करने का अनुभव है और जो इन विनियमों के अध्याय 7 के अधीन बोर्ड द्वारा प्राधिकृत है;

(ज) 'प्ररूप' से अनुसूची - १ में विनिर्दिष्ट प्ररूप अभिप्रेत है;

(झ) 'निरीक्षण प्राधिकारी' से इन विनियमों के अध्याय 7 के अधीन बोर्ड द्वारा नियुक्त एक या अधिक व्यक्ति अभिप्रेत हैं;

(ञ) 'दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभ' का वही अर्थ होगा जो आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 4) में है;

(ट) 'मुद्रा बाजार लिखतों' के अन्तर्गत वाणिज्यिक पत्र, व्यापारिक हुंडियां, राजपत्रो हुंडियां, जमा प्रमाणपत्र, आवधिक बिल अति हैं;

(ठ) 'विवृत्त स्कीम' से पारस्परिक निधि की ऐसी स्कीम अभिप्रेत है जो किन्हीं मेचनीय यूनिटों की विक्रय के लिए प्रस्थापना करती है या जिसमें कोई मोचनीय यूनिट बकाया है और जो यूनिटों के मोचन या पुनर्क्रय के लिए कोई अवंधि विनिर्दिष्ट नहीं करती है;

(ड) 'पारस्परिक निधि' से इन विनियमों के अनुसार प्रतिभूतियों में विनिधान करने के लिए, जनता को एक या अन्य स्कीमों के अधीन यूनिटों के विक्रय के माध्यम से न्यासियों द्वारा धन जुटाने के लिए किसी प्रायोजक द्वारा न्यास के रूप में स्थापित निधि अभिप्रेत है;

(ढ) 'नातेदार' से कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 6 में यथापरिभाषित व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ण) 'अल्पकालिक पूंजी अभिलाम' का वह अर्थ होगा जों आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) में है;

(त) 'महत्त्वपूर्ण नियंत्रण' से अभिप्रेत होगा -

(e) "close-ended scheme" means any scheme of a Mutual Fund other than an open-ended scheme where the period of scheme is specified.

(f) "custodian" means a person carrying on the activity of safe keeping of the securities or participating in any clearing system on behalf of the clients to effect deliveries of the securities;

(g) "enquiry officer" means any officer of the Board, or any other person,having experience in dealing with the problems relating to the securities market, who is authorised by the Board under Chapter VIII of these regulations;

(h) "form" means a form specified in Schedule I;

(i) "inspecting authority" means one or more persons appointed by the Board under Chapter VII of these regulations;

(j) "long term capital gain" shall have the same meaning as assigned to it in the Income Tax Act, 1961 (43 of 1961);

(k) "money market instruments" includes commercial papers, trade bills, treasury bills, certificate of deposit, usance bills;

(l) "open-ended scheme" means a scheme of a Mutual Fund which is offering for sale or has outstanding any redeemable units and which does not specify any duration for redemption or repurchase of units;

(m) "mutual fund" means a fund established in the form of a Trust by a sponsor to raise monies by the Trustees through the sale of units to the public under one or more schemes for investing in securities in accordance with these regulations;

(n) "relative" means a person as defined in Section 6 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956);

(o) "short term capital gain" shall have the same meaning as assigned to it in the Income Tax Act, 1961 (43 of 1961);.

(p) "significant control" shall mean -

(i) In case of a company when any person or combination of persons directly or indirectly own, control or hold shares carrying not less than 3% of the voting power of such company;

(i) कंपनी की दशा में जब कोई व्यक्ति या व्यक्तियों की संहति ऐसी कंपनी की 3% से अन्यून मतदान शक्ति वाले शेयरों की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से स्वामी है, उनका नियंत्रण करती है या उन्हें धारण करती है;

(ii) दो कंपनियों के बीच यदि वही व्यक्ति या व्यक्तियों की संहति प्रत्येक कंपनी की 3% से अन्यून मतदान शक्ति वाले शेयरों की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से स्वामी है, उनका नियंत्रण करती है या उन्हें धारण करती है:

(थ) 'प्रायोजक' से कोई ऐसा निगमित निकाय अभिप्रेत है जो अकेले या किसी अन्य निगमित निकाय के साथ मिलकर कार्य करते हुए पारस्परिक निधि की स्थापना के लिए औपचारिकताएं आरंभ और पूरी करता है;

(द) 'न्यासी' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो पारस्परिक निधि की संपत्ति यूनिटधारकों के फायदे के लिए न्यास में रखता है;

(ध) 'यूनिट' से पारस्परिक निधि स्कीम में विनिधानकर्ताओं का हित अभिप्रेत है जिसमें प्रत्येक यूनिट स्कीम की आस्तियों में एक अविभाजित शेयर दर्शित करता है;

(न) 'यूनिटधारक' से पारस्परिक निधि की स्कीम में सहभागी अभिप्रेत है ।

(2) उन शब्दों और पदों के जो इस विनियम में प्रयुक्त है और परिभाषित नहीं है किंतु अधिनियम में परिभाषित नहीं है किंतु अधिनियम में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगे जो अधिनियम में उनके हैं ।

(ii) as between two companies, if the same person or combination of persons directly or indirectly, own control or hold shares carrying not less than 3% of the voting power of each of the two companies;

(q) "sponsor" means any body corporate who, acting alone or in combination with another body corporate, establishes a mutual fund after completing formalities therefor;

(r) "trustee" means a person who holds the property of the mutual fund in trust for the benefit of the unitholders;

(s) "units" means the interest of the investors in a Mutual Fund Scheme, which consist of each unit representing one undivided share in the assets of a scheme;

(t) "unit holder" means a participant in a scheme of a Mutual Fund.

(2) Words and expressions used and not defined in this Regulation but defined in the Act, shall have the same meanings respectively assigned to them in the Act.

अध्याय 2

पारस्परिक निधि का रजिस्ट्रीकरण

रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन।

3.(1) प्रत्येक पारस्परिक निधि बोर्ड के पास विनियम 9 के अधीन रजिस्ट्रीकृत की जाएगी।

(2) रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन प्रायोजक द्वारा प्ररूप क में किया जाएगा और बोर्ड को संबोधित होगा।

(3) उप-विनियम (I) में किसी बात के होते हुए भी इन विनियमों के प्रवृत्त होने से पूर्व प्रायोजक द्वारा किया गया कोई आवेदन, जिसमें ऐसी या उनके यथानिकटतम विशिष्टियां है जो प्ररूप में वर्णित हैं, उप-विनियम (I) के अनुसरण में किया गया आवेदन माना जाएगा और उसके संबंध में तदनुसार कार्यवाही की जाएगी :

परंतु इस उप-विनियम के अधीन किए गए आवेदन की बाबत संदेय फीस वही होगी जो विनियम 4 के उप-विनियम (i) में निर्दिष्ट है।

आवेदन के साथ आवेदन फीस लगेगी।

4. (I) विनियम 3 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए प्रत्येक आवेदन के साथ अनुसूची 2 में यथा विनिर्दिष्ट आवेदन फीस लगेगी जो बोर्ड के नाम में मुम्बई में संदेय चैक या बैंक ड्राफ्ट के रूप में होगी।

आवेदन अपेक्षाओं के अनुरूप होगा।

5. विनियम 3 के उप-विनियम (3) के अधीन उपबंध के अधीन रहते हुए कोई आवेदन जो सभी प्रकार से पूर्ण नहीं है और प्ररूप में विनिर्दिष्ट विशिष्टियों के अनुरुप नहीं हैं, नामंजूर किया जाएगा :

परंतु यह कि किसी ऐसे आवेदन को नामंजूर करने से पूर्व ऐसी आपत्तियों को, जो बोर्ड द्वारा उपदर्शित की जाएं, विनिर्दिष्ट समय के भीतर दूर करने के लिए अवसर दिया जाएगा।

CHAPTER II

REGISTRATION OF MUTUAL FUND

Application for registration

3. (1) Every Mutual Fund shall be registered with the Board under Regulation 9.

(2) An application for registration shall be made in Form A by the sponsor and shall be addressed to the Board.

(3) Notwithstanding anything contained in sub-regulation (1) any application made by a sponsor prior to coming into force of these regulations containing such particulars or as near thereto as mentioned in the form shall be treated as an application made in pursuance of sub-regulation (1) and shall be dealt with accordingly.

Provided that the fees payable in respect of the application made under this sub-regulation shall be the same as is referred to in sub-regulation (1) of regulation 4.

Application fee to accompany the application

4. (1) Every application for registration under Regulation 3 shall be accompanied with an application fee as specified in Schedule II by means of a cheque or bank draft payable in the name of the Board at Bombay.

Application to conform to the requirements

5. Subject to the provision under sub-regulation (3) of regulation 3, any application, which is not complete in all respects and does not conform to the particulars specified in the form, shall be rejected ;

Provided that, before rejecting any such application, the applicant shall be given an opportunity to remove within the time specified, such objections as may be indicated by the Board.

जानकारी, स्पष्टीकरण देना और व्यक्तिगत प्रतिनिधित्व ।

6. (1) विनियम 8 के अधीन रहते हुए बोर्ड ऐसी और जानकारी या स्पष्टीकरण देने के लिए जो रजिस्ट्रिकरण के लिए जाने के लिए आवश्यक समझी जाए, प्रायोजक से अपेक्षा कर सकेगा ।

(2) प्रायोजक या उसका प्राधिकृत प्रतिनिधि, यदि ऐसी अपेक्षा की जाए, व्यक्तिगत प्रतिनिधित्व के लिए बोर्ड के समक्ष हाजिर होगा ।

आवेदन पर विचार ।

7. बोर्ड, आवेदन में दी गई जानकारी के आधार पर और ऐसी और जानकारी अभिप्राप्त करने के पश्चात्, जो अपेक्षित हो, यथासंभव शीघ्र किंतु सभी जानकारी की प्राप्ति की तारीख से तीन मास के अपश्चात् रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन पर विनिश्चय करेगा ।

रजिस्ट्रीकरण के लिए शर्तें ।

8. रजिस्ट्रीकरण देने के प्रयोजन के लिए बोर्ड उन सभी बातों को, जो पारस्परिक निधि के कामकाज के दक्ष और सुव्यवस्थित संचालन के लिए सुसंगत है, और विशेष रूप से निम्नलिखित, को ध्यान में रखेगा, अर्थात् :—

(क) प्रायोजक का सुयोग्य अभिलेख रहा है और उसके पास वित्तीय सेवाओं के सुसंगत क्षेत्र में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव, वृत्तिक सक्षमता, वित्तीय स्वस्थता और अपने सभी कारबार संव्यवहारों में औचित्य और ईमानदारी की साधारण ख्याति है ।

स्पष्टीकरण : इस खंड के प्रयोजनों के लिए 'सुयोग्य अभिलेख' से प्रायोजक की शुद्ध मिल्कियत, लाभांश, संदाय, क्षमता और लाभप्रदता अभिप्रेत होगी ।

(ख) पारस्परिक निधि न्यास के रूप में है और न्यास विलेख बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है;

(ग) आस्ति प्रबंध कंपनी जिसके पास बोर्ड का अनुमोदन है पारस्परिक निधि के कामकाज का प्रबंध करने और ऐसी निधि की स्कीमों का प्रवर्तन करने के लिए नियुक्त की गई है;

(घ) प्रायोजक कम से कम 40% का आस्ति प्रबंध कंपनी की शुद्ध मिल्कियत में अभिदाय करता है;

Furnishing information, clarification, and personal representation

6. (1) Subject to regulation 8, the Board may require the sponsor to furnish such further information or clarification as may be considered necessary for grant of registration.

(2) The sponsor or his authorised representative shall, if so required, appear before the Board for personal representation.

Consideration of application

7. (1) The Board, on the basis of information furnished in the application and after obtaining such further information as may be required, shall as soon as possible but not later than three months from the date of receipt of all information, decide on the application for registration.

Conditions for registration.

8. For the purpose of grant of registration, the Board shall take into account all matters, which are relevant to efficient and orderly conduct of the affairs of a Mutual Fund and in particular the following, namely:-

(a) the sponsor has a sound track record and experience in the relevant field of financial services, for a minimum period of 5 years, professional competence, financial soundness and general reputation of fairness and integrity in all his business transactions;

Explanation: For the purposes of this clause "sound track record" shall mean networth, dividend paying capacity and the profitability of the sponsor.

(b) Mutual Fund is in the form of a Trust and the Trust Deed has been approved by the Board;

(c) an Asset Management Company, who holds an approval of the Board has been appointed to manage the affairs of the Mutual Fund and operate the schemes of such fund;

(d) sponsor contributes atleast 40% to the networth of the Asset Management Company ;

(ङ) प्रायोजक या पारस्परिक निधि द्वारा नियोजित किए जाने के लिए उसका कोई निदेशक या मुख्य अधिकारी जिसके पास उसके कारबार के कामकाज का प्रबंध है किसी ऐसे अपराध के लिए दोषसिद्ध है या किसी समय सिद्धदोष ठहराया गया है जिसमें नैतिक अधमता अन्तर्वलित है या किसी आर्थिक अपराध का दोषी पाया गया है ।

रजिस्ट्रीकरण प्रदान करना ।

9. (1) बोर्ड अपना यह समाधान हो जाने पर कि आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है और अपेक्षित सभी विशिष्टियां दे दी गई हैं और कि पारस्परिक निधि रजिस्ट्रीकरण के लिए पात्र है पारस्परिक निधि को -

(क) बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति में अनुसूची-2 में उपदर्शित रजिस्ट्रीकरण फीस की प्राप्ति,

(ख) विनियम 12 में विनिर्दिष्ट निबंधनों और शर्तों,
के अधीन रहते हुए रजिस्टर कर सकेगा ।

(2) जहां कोई पारस्परिक निधि रजिस्ट्रीकरण दिए जाने के लिए पात्र है वहां बोर्ड प्ररूप ख में एक प्रमाणपत्र देगा ।

वार्षिक फीस का संदाय ।

10. (1) इन विनियमों के अधीन रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक पारस्परिक निधि रजिस्ट्रीकरण के वर्ष के ठीक बाद के वर्ष से अनुसूची-2 में यथा 2 विनिर्दिष्ट वार्षिक फीस का प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए संदाय करेगी ।

(2) वार्षिक फीस प्रत्येक वित्तीय वर्ष के आरम्भ से पूर्व विनियम 4 के उप-विनियम (1) में विनिर्दिष्ट रीति से बोर्ड को भेजी जाएगी ।

वार्षिक फीस का संदाय करने में असफलता ।

11.(1) जहां कोई पारस्परिक निधि विनियम 10 के उप-विनियम (2) में विहित वार्षिक फीस भेजने में असफल रहेगी वहां बोर्ड पारस्परिक निधि को कोई नई स्कीमें चलाने से तब तक प्रतिषिद्ध कर सकेगा जब तक फीस नहीं भेजी जाती है ।

(2) इन विनियमों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना बोर्ड विलंब के लिए कारणों से अपना समाधान होने पर और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जो वह ठीक समझे उस वित्तीय वर्ष के, जिससे ऐसी फीस संबंधित है, प्रारंभ से दो मास के भीतर किसी समय

(e) the sponsor, or any of its director or the principal officer to be employed by the Mutual Fund having the management of the affairs of its business, is or has at any time been convicted for any offence involving moral turpitude or has been found guilty of any economic offence.

Grant of Registration

9. (1) The Board on being satisfied that the application is complete in all respects and all particulars sought have been furnished and that the Mutual Fund is eligible for registration, may register the Mutual Fund subject to -

(a) receipt of registration fee indicated in Schedule II in a manner specified by the Board;

(b) the terms and conditions specified in Regulation 12.

(2) Where a mutual fund is found to be eligible for grant of registration, the Board shall grant a certificate in Form B.

Payment of annual fee

10. (1) Every Mutual Fund registered under these regulations, shall pay annual fee for every financial year, from the year following the year of registration as specified in Schedule II.

(2) The annual fee shall be remitted to the Board in the manner specified in sub-regulation (1) of regulation 4 before the beginning of each financial year.

Failure to pay the annual fees

11. (1) Where a Mutual Fund fails to remit the annual fee as provided in sub-regulation (2) of Regulation 10, the Board may prohibit the Mutual fund from launching any new schemes till the fees has been remitted.

(2) Without prejudice to these regulations, the Board may, on being satisfied with the reasons for the delay and subject to such conditions as it may deem fit, permit the sponsor to pay the annual fee at any time within two months from the commencement of the financial year to which such fee relates.

वार्षिक फीस का संदाय करने के लिए प्रायोजक को अनुज्ञा दे सकेगा ।

रजिस्ट्रीकरण के निबंधन और शर्तें ।

12. विनियम 8 के अधीन पारस्परिक निधि को दिया गया रजिस्ट्रीकरण पारस्परिक निधि के निम्नलिखित निबंधनों और शर्तों के पूरा करने के अधीन होगा :

(क) इन विनियमों के उपबंधों का पालन करना;

(ख) जैसे ही प्रायोजक या न्यासियों को यह ज्ञात होता है कि बोर्ड को पहले दी गई कोई जानकारी या विशिष्टियां भ्रामक या उनका कोई महत्त्वपूर्ण अंश मिथ्या है, बोर्ड को तुरंत जानकारी देना;

(ग) बोर्ड को पहले प्रस्तुत की गई जानकारी या विशिष्टियों में, जो उसके द्वारा दिए गए रजिस्ट्रीकरण से संबंधित है, किसी महत्त्वपूर्ण परिवर्तन की तुरंत जानकारी देना;

(घ) प्रायोजक, आस्ति प्रबंध कंपनी, न्यासी और अभिरक्षक विनियमों के उपबंधों का पालन करते हैं;

(ङ) निरीक्षण के अनुक्रम में निदेशकों, अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों की परीक्षा की अनुज्ञा देना और इस निमित्त पूर्ण सहयोग देना;

(च) लेखा बहियां, दस्तावेज और ऐसी अन्य जानकारी पेश करने का करार करना जो निरीक्षण के अनुक्रम में बोर्ड द्वारा मांगी जाए ।

प्रक्रिया जहां रजिस्ट्रीकरण मंजूर नही किया जाता है ।

13. (1) जहां आवेदक विनियम 8 में वर्णित अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है वहां बोर्ड आवेदन को नामंजूर करेगा ।

(2) आवेदन को नामंजूर करने के विनिश्चय की सूचना आवेदक को लिखित रूप में दी जाएगी जिसमें वे आधार कथित होंगे जिन पर आवेदन नामंजूर किया गया है ।

(3) आवेदक जो उप-विनियम (2) के अधीन बोर्ड के विनिश्चय से व्यथित है ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर बोर्ड को उसके विनिश्चय पर पुनर्विचार के लिए आवेदन कर सकेगा ।

Terms and conditions of registration

12. The registration granted to a Mutual Fund under regulation 8, shall be subject to the Mutual Fund fulfilling the following terms and conditions:-

(a) complying with the provisions of these regulations;

(b) informing forthwith the Board, as soon as it comes to the knowledge of the sponsor or the trustees that any information or particulars previously submitted to the Board was either misleading or false in any material respect;

(c) informing forthwith the Board of any material change in the information or particulars previously furnished, which have a bearing on the registration granted by it.

(d) the sponsor, the asset management company, trustees and the custodian comply with the provisions of the regulations.

(e) allowing examination of directors, officers and other employees in the course of inspection and extending full co-operation in this behalf.

(f) agreeing to produce books of accounts, documents, and such other information as sought for by the Board in the course of inspection.

Procedure where registration is not granted

13. (1) Where an applicant does not satisfy the requirements mentioned in Regulation 8, the Board shall reject the application.

(2) The decision to reject the application shall be communicated to the applicant in writing stating therein the grounds on which the application has been rejected.

(3) The applicant, who is aggrieved by the decision of the Board under sub- regulation (2) may, within a period of thirty days from the date of receipt of such intimation, apply to the Board for reconsideration of its decision.

(4) बोर्ड, आवेदन में किए गए निवेदनों के प्रकाश में और जब कभी आवश्यक हो, व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अवसर देने के पश्चात् अपना विनिश्चय आवेदक को लिखित रूप में सूचित करेगा ।

(4) The Board shall as soon as possible, in the light of the submissions made in the application and wherever necessary, after giving an opportunity for personal hearing, convey its decision in writing to the applicant.

अध्याय 3

पारस्परिक निधि का गठन और प्रबंध

पारस्परिक निधि के गठन की रीति।

14 प्रत्येक पारस्परिक निधि भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 (1882 का 2) के उपबंधें के अनुसार न्यास के रूप में गठित की जाएगी।

न्यासी की नियुक्ति।

15. (1) कोई कंपनी पारस्परिक निधि का प्रबंध करने के लिए न्यासी के रूप में नियुक्त की जाएगी :

परंतु बोर्ड विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए न्यासी बोर्ड को पारस्परिक निधि के न्यासियों के रूप में नियुक्ति की अनुज्ञा दे सकेगा।

(2) न्यासी की नियुक्ति अन्य बातों के साथ निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए होगी, अर्थात् :—

(क) न्यासी ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें वित्तीय सेवाओं में अनुभव है और किसी आर्थिक अपराध के दोषी नहीं पाए जाते हैं,

(ख) न्यासियों के नाम बोर्ड को भेजे जाएंगे,

(ग) न्यासियों की नियुक्ति में कोई परिवर्तन बोर्ड के अनुमोदन के अधीन रहते हुए, होगा;

(घ) कोई भी न्यासी तब तक सेवा निवृत्त नहीं होगा जब तक कि निवृत्त होने वाले न्यासी के स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति नियुक्त नहीं किया जाता है.

(ड.) कोई भी व्यक्ति एक से अधिक पारस्परिक निधि में न्यासी या किसी न्यासी कंपनी का निदेशक नहीं होगा;

(च) कम से कम पचास प्रतिशत न्यासी स्वतंत्र सदस्य होंगे और कोई भी ऐसा न्यासी प्रायोजक का सहयुक्त या समनुषंगी नहीं होगा;

(छ) आस्ति प्रबंध कंपनी, उसका कोई निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी किसी पारस्परिक निधि के न्यासी के रूप में कार्य नहीं करेगा।

CHAPTER III

CONSTITUTION AND MANAGEMENT OF MUTUAL FUND

Manner of constitution of the mutual fund

14. Every Mutual Fund shall be constituted in the form of a trust in accordance with the provisions of the Indian Trusts Act, 1882 (2 of 1882).

Appointment of a Trustee.

15: (1) A company shall be appointed as a Trustee to manage the Mutual Fund.

Provided that the Board may, having regard to special circumstances permit the appointment of a Board of Trustees, as Trustees of a Mutual Fund.

(2) The appointment of the Trustee shall be subject inter alia to the following conditions, namely:-

(a) the trustees are persons who have experience in financial services and are not found guilty of any economic offence;
(b) the names of the Trustees shall be forwarded to the Board;
(c) any change in the appointment of the Trustees shall be subject to the approval of the Board;
(d) no Trustee shall retire unless another person is appointed in the place of the retiring Trustee;
(e) no person shall be a Trustee or a Director of a Trustee Company in more than one Mutual Fund;
(f) atleast fifty per cent of the Trustees shall be independent members and no such Trustee shall be an affiliate or subsidiary of the sponsor;
(g) an Asset Management Company, any of its directors, officers or employees shall not act as a Trustee of any Mutual Fund.

न्यास विलेख रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किया जाएगा ।

16. (1) न्यास की लिखत भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 के उपबंधों के अधीन सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत विलेख के रूप में होगी जो ऐसी लिखत में नामित न्यासियों के पक्ष में प्रायोजक द्वारा निष्पादित किया जाएगा और जिसमें अनुसूची 3 में वर्णित खंड और ऐसे खंड होंगे जो यूनिटधारक के हित की सुरक्षा करने के लिए आवश्यक हैं ।

(2) किसी भी न्यास विलेख में ऐसा कोई खंड नहीं होगा जिसका प्रभाव –

(i) किसी पारस्परिक निधि या यूनिटधारकों के संबंध में न्यास की बाध्यताओं और दायित्वों को कम करना है; या

(ii) उनकी उपेक्षा या करण त्रुटियों या लोपों द्वारा यूनिट धारकों को हुई हानि या नुकसान के लिए न्यासियों या आस्ति प्रबंध कंपनी की क्षतिपूर्ति करना है;

(3)न्यास विलेख पारस्परिक निधि के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय या कारबार के मुख्य स्थान पर जनता के किसी सदस्य के निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगा और यदि ऐसी वांछा की जाए तो उसकी एक प्रति नाममात्र फीस के, जो पारस्परिक निधि द्वारा विनिश्चित की जाए, संदाय पर किसी व्यक्ति को उपलब्ध कराई जाएगी ।

न्यासियों की बाध्यताएं

17.(1) न्यासियों को आस्ति प्रबंध कंपनी से ऐसी जानकारी अभिप्राप्त करने का अधिकार होगा जो न्यास की संक्रिया से संबंधित कामकाज के प्रबंध के लिए सुसंगत है और वे आस्ति प्रबंध कंपनी से कालिक रिपोर्ट भी मांग सकेंगे ।

(2) जहां न्यासियों के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पारस्परिक निधि के कारबार का संचालन इन विनियमों के अनुरूप नहीं है वहां वे ऐसे उपचारी उपाय तुरंत करेंगे जो स्थिति को सुधारने के लिए आवश्यक है और पूर्ण विशिष्टियों सहित उनकी जानकारी बोर्ड को देते रहेंगे ।

Trust Deed to be registered under the Registration Act

16. (1) The instrument of trust shall be in the form of a deed duly registered under the provisions of the Indian Registration Act, 1908 executed by the sponsor in favour of the trustees named in such instrument and shall contain such clauses as are mentioned in Schedule III and such clauses which are necessary for safeguarding the interest of the unit holder.

(2) No Trust Deed shall contain a clause which has the effect of -

(i) limiting or extinguishing the obligations and liabilities of the Trust in relation to any Mutual Fund or the unit holders; or

(ii) indemnifying of the Trustees or the Asset Management Company for loss or damage caused to the unit holders by their acts of negligence or acts of commissions or omissions.

(3) The Trust Deed shall be available for inspection to any member of public at the registered office or the principal place of business of the Mutual Fund and if so desired, a copy of the same shall be made available to any person on payment of a nominal fee as may be decided by the Mutual Fund.

Obligations of the Trustees

17. (1) The Trustees shall have a right to obtain from the Asset Management Company such information as is relevant to the management of the affairs concerning the operation of the Trust and may also call for periodical reports from the Asset Management Company.

(2) Where the Trustees have reason to believe that the conduct of business of the Mutual Fund is not in conformity with these Regulations they shall forthwith take such remedial steps as are necessary to rectify the situation and keep the Board informed of the same with full particulars.

(3) न्यासी ऐसे कदम उठाएंगे जो सभी दस्तावेजों को, जो अर्जनों, व्ययनों को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं, निष्पादित कराने के लिए आवश्यक हैं और यह भी सुनिश्चित करेंगे कि आस्ति प्रबंध कंपनी द्वारा किए गए संव्यवहार उचित रूप से किए गए हैं और इन विनियमों के अनुसार हैं।

(4) न्यासी यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि आस्ति प्रबंध कंपनी इन विनियमों का पालन करती है।

(5) न्यासी आस्ति प्रबंध कंपनी के साथ ऐसा करार करेगा जिसमें अनुसूची 4 में विनिदिष्ट खंड और ऐसे अन्य खंड होंगे जो पारस्परिक निधि की निधियों के विनिधान के प्रयोजन के लिए आवश्यक हैं और ऐसा करार बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

(6) न्यासी संबंधित स्कीमों की संपत्ति के लिए लेखादायी और उसके अभिरक्षक होंगे और उसे इन विनियमों और न्यास की लिखतों के अनुसार यूनिट धारकों के फायदे के लिए न्यास में धारण करेंगे।

(7) न्यासी यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाएंगे कि पारस्परिक निधियों से संबंधित संव्यवहार न्यास विलेख और इन विनियमों की अनुसूची 3 के उपबंधों के अनुसार हैं।

(8) न्यासी पारस्परिक निधि को संदत्त की जाने के लिए शोध्य किसी आय की और इन विनियमों और न्यास विलेख के अनुसार किसी स्कीम के यूनिट धारकों के लिए पारस्परिक निधि में प्राप्त किसी आय की भी संगणना के लिए उत्तरदायी होंगे।

(9) न्यासी आस्ति प्रबंध कंपनी से तिमाही रिपोर्ट प्राप्त करेंगे और पारस्परिक निधि के क्रिया क्लाप पर छह मासीय रिपोर्ट बोर्ड को प्रस्तुत करेंगे।

(10) न्यासी यूनिटधारकों का अधिवेशन तब बुलाएंगें जब -

(क) कभी यूनिटधारकों के हित में बोर्ड द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा की जाए;

(3) The Trustees shall take such steps as are necessary to get executed all documents, which are necessary to secure the acquisitions, disposals and also ensure that the transactions entered into by the Asset Management Company have been properly made and are in accordance with these Regulations.

(4) The Trustees shall be responsible for ensuring that the Asset Management Company complies with these Regulations.

(5) The Trustee shall enter into an agreement with the Asset Management Company which shall contain the clauses as specified in Schedule IV and such other clauses as are necessary for the purpose of investment of the funds of the Mutual Fund and such agreement is approved by the Board.

(6) The Trustees shall be accountable for, and be the custodian of, the property of the respective schemes and shall hold the same in trust for the benefit of the unit holders in accordance with these Regulations and the instruments of trust.

(7) The Trustees shall take steps to ensure that the transactions concerning Mutual Funds are in accordance with the provisions of the Trust Deed and Schedule III of these Regulations.

(8) The Trustees shall be responsible for calculation of any income due to be paid to the Mutual Fund and also of any income received in the Mutual Fund for the holders of the units of any scheme in accordance with these Regulations and the Trust Deed.

(9) The Trustees shall receive a quarterly report from the Asset Management Company and submit a six monthly report to the Board on the activities of the Mutual Fund.

(ख) किसी स्कीम के या एकसाथ सभी स्कीमों के यूनिटधारकों के तीन चौथाई की अध्यपेक्षा पर; या

(ग) जब न्यासियों की बहुसंख्या परिसमापन या यूनिटों का समयपूर्व मौचन या किसी स्कीम का उपांतरण करने का विनिश्चय करती है ।

आस्ति प्रबंध कंपनी द्वारा आवेदन ।

18. (1) आस्ति प्रबंध कंपनी के अनुमोदन के लिए आवेदन प्ररूप में किया जाएगा ।

(2) आस्ति प्रबंध कंपनी के संगम-ज्ञापन और संगम-अनुच्छेद उप-विनियम (1) के अधीन अनुमोदन के लिए आवेदन सहित बोर्ड को प्रस्तुत किए जाएंगे ;

(3) विनियम 5, 6 और 7 के उपबंध इस विनियम के अधीन किए गए आवेदन को यथाशक्य उसी प्रकार लागू होंगे जिस प्रकार वे पारस्परिक निधि के रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन पर लागू होते है ।

आस्ति प्रबंध कंपनी की नियुक्ति ।

19. (1) प्रायोजक या यदि न्यास विलेख द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत किया जाए तो न्यासी आस्ति प्रबंध कंपनी की नियुक्ति करेगा जो पारस्परिक निधि के कामकाज का प्रबंध करने और ऐसी निधि की स्कीमों का प्रवर्तन करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित है ।

(2) आस्ति प्रबंध कंपनी की नियुक्ति न्यासियों की बहुसंख्या द्वारा या स्कीम के यूनिट धारकों के पचहत्तर प्रतिशत द्वारा समाप्त की जा सकती है ।

(3) आस्ति प्रबंध कंपनी की नियुक्ति में कोई परिवर्तन बोर्ड के पूर्व अनुमोदन के अधीन रहते हुए होगा ।

(10) The Trustees shall call for a meeting of the unit holders -

(a) whenever required to do so by the Board in the interest of the unit-holders;
(b) on a requisition of three- fourth of the unit holders of any scheme or of all the schemes together; or
(c) when the majority of the Trustees decide to wind up or prematurely redeem the units or modify any scheme.

Application by an Asset Management Company.

18. (1) The application for the approval of the Asset Management Company shall be made in Form A.

(2) The Memorandum and Articles of Association of the Asset Management Company shall be submitted to the Board alongwith the application for approval under sub-regulation (1).

(3) The provisions of regulations 5,6, and 7 shall, so far as may be, apply to the application made under sub-regulation (1) of this regulation as they apply to the application for registration of a Mutual Fund.

Appointment of an Asset Management Company

19. (1) The Sponsor or, if so authorised by the trust deed, the trustee, shall appoint an Asset Management Company, who is approved by the Board to manage the affairs of the Mutual Fund and operate the schemes of such Fund.

(2) The appointment of an Asset Management Company can be terminated by majority of the Trustees, or by seventy five per cent of the unit- holders of the scheme.

(3) Any change in the appointment of the Asset Management Company shall be subject to prior approval of the Board.

आस्ति प्रबंध कंपनी का अनुमोदन

20. आस्ति प्रबंध कंपनी का अनुमोदन दिए जाने के लिए बोर्ड उन सभी बातों को, जो आस्ति प्रबंध कंपनी कामकाज के दक्ष और सुव्यवस्थित संचालन के लिए सुसंगत है और विशेष रूप से निम्नलिखित को ध्यान में रखेगा, अर्थात्:-

(क) कि विद्यमान आस्ति प्रबंध कंपनी का सुयोग्य अभिलेख, संव्यवहारों में साधारण ख्याति और औचित्य रहा है;

स्पष्टीकरण : इस खंड के प्रयोजन के लिए सुयोग्य अभिलेख से आस्ति प्रबंध कंपनी की शुद्ध मिल्कियत, लाभांश संदाय क्षमता और लाभप्रदता अभिप्रेत होगी ।

(ख) आस्ति प्रबंध कंपनी के निदेशक उच्च ख्याति और प्रतिष्ठा वाले व्यक्ति है जिनके पास पोर्टफोलियो प्रबंध, विनिधान विश्लेषण, वित्तीय प्रशासन जैसे सुसंगत क्षेत्रों में कम से कम 5 वर्ष का वृत्तिक अनुभव है;

(ग) आस्ति प्रबंध कंपनी के निदेशक बोर्ड में पचास प्रतिशत निदेशत ऐसे है जो प्रायोजक या उसके समनुषंगियों य न्यासियों में से किसी के सहयुक्त या उनसे किसी भी रीति से संबद्ध नही हैं,

(घ) आस्ति प्रबंध कंपनी का अध्यक्ष न्यासी कंपनी का निदेशक या न्यास बोर्ड का न्यासी नहीं होना चाहिए ।

(ङ) आस्ति प्रबंध कंपनी की कम से कम पांच करोड़ रूपए की शुद्ध मिल्कियत होगी ।

स्पष्टीकरण : इस खंड के प्रयोजनों के लिए शुद्ध मिल्कियत से कंपनी की समादत्त पूंजी और खुली आरक्षितियां अभिप्रेत हैं ।

आस्ति प्रबंध कंपनी के अनुमोदन के निबंधन और शर्तें ।

21. विनियम 20 के अधीन आस्ति प्रबंध कंपनी के अनुमोदन का दिया जाना निम्नलिखित निबंधनों और शर्तों के अधीन रहते हुए होगा, अर्थात्:-

(क) आस्ति प्रबंध कंपनी के पास पारस्परिक निधियों के प्रबंध में पर्याप्त अनुभववाले विशेषज्ञ हैं,

(ख) आस्ति प्रबंध कंपनी का कोई निदेशक किसी अन्य आस्ति प्रबंध कंपनी में निदेशक या किसी पारस्परिक निधि में न्यासी का पद धारण नहीं करेगा,

Approval of the Asset Management Company.

20. For grant of approval of the Asset Management Company, the Board may take into account all matters, which are relevant to efficient and orderly conduct of the affairs of the Asset Management Company and in particular the following, namely:

(a) the existing Asset Management Company has a sound track record, general reputation and fairness in transactions;
Explanation: For the purpose of this clause sound track record shall mean the networth, the dividend paying capacity and the profitability of the Asset Management Company.
(b) the Directors of Asset Management Company are persons of high repute and standing having atleast 5 years of professional experience in the relevant fields, such as, portfolio management, investment analysis, financial administration;
(c) the Board of Directors of the Asset Management Company has atleast fifty percent directors, who are not affiliate of, or associated in any manner with, the sponsor or any of its subsidiaries or the Trustees;
(d) the Chairman of the Asset Management Company should not be director of a Trustee Company or Trustee of Board of Trustees;
(e) the Asset Management Company shall have a minimum networth of Rupees Five crores.
Explanation: For the purposes of this clause networth means the paid up capital of the company and free reserves.

Terms and conditions of approval of the Asset Management Company

21. The grant of approval of the Asset Management Company under Regulation 20 shall be subject to the following terms and conditions, namely :-

(a) the Asset Management Company has professionals with adequate experience in the management of Mutual Funds;
(b) any director of the Asset Management Company shall not hold the position of a director in another Asset Management

(ग) आस्ति प्रबंध कंपनी पहले दी गई जानकारी या विशिष्टियों में, जो उसके द्वारा दिए गए अनुमोदन से संबंधित है, किसी महत्त्वपूर्ण परिवर्तन की बोर्ड को तुरंत जानकारी देगी;

(घ) आस्ति प्रबंध कंपनी के प्रबंधतंत्र में कोई भी परिवर्तन बोर्ड के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा;

(ङ) आस्ति प्रबंध कंपनी इन विनियमों का पालन करने का वचनबंध करती है ।

प्रक्रिया जहां अनुमोदन नहीं दिया जाता है ।

22.(1) जहां अनुमोदन दिए जाने के लिए विनियम 18 के अधीन आवेदन विनियम 21 में अधिकथित अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है वहां बोर्ड आवेदन को नामंजूर कर सकेगा ।

(2) आवेदन को नामंजूर करने के आदेश की सूचना आवेदक को लिखित रूप में दी जाएगी जिसमें वे आधार कथित होंगे जिन पर आवेदन नामंजूर किया गया है ।

(3) वह आस्ति प्रबंध कंपनी जो उप-विनियम (i) के अधीन बोर्ड के विनिश्चय से व्यथित है ऐसी सूचना की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन की अवधि के भीतर बोर्ड को उसके विनिश्चय पर पुनर्विचार के लिए आवेदन कर सकेगा ।

(4) बोर्ड उप-विनियम (3) के अधीन आवेदन में किए गए निवेदनों के प्रकाश में और जब कभी आवश्यक हो व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अवसर देने के पश्चात् अपना विनिश्चय आवेदक को लिखित रूप में सूचित करेगा ।

आस्ति प्रबंध कंपनी के कारबार क्रियाकलाप पर निर्बंधन ।

23. कोई भी आस्ति प्रबंध कंपनी -

(क) किसी पारस्परिक निधि के न्यासी के रूप में कार्य नहीं करेगी;

(ख) वित्तीय सेवा परामर्श, वाणिज्यिक आधार पर अनुसंधान के आदान-प्रदान जैसे क्रियाक्लाप के सिवाए किसी अन्य कारबार क्रियाकलाप का जिम्मा तब नहीं लेगी जब कोई ऐसा क्रियाकलाप पारस्परिक निधि के क्रियाकलाप के विरोध में नहीं हैं,

Company or of a Trustee in any Mutual Fund;

(c) the Asset Management Company shall forthwith inform the Board of any material change in the information or particulars previously furnished, which have a bearing on the approval granted by it;

(d) no change in the management of the Asset Management Company shall be made without prior approval of the Board;

(e) the Asset Management Company undertakes to comply with these regulations.

Procedure where approval is not granted.

22.(1) Where an application made under Regulation 18 for grant of approval does not satisfy the requirements laid down in Regulation 21, the Board may reject the application.

(2) The decision to reject the application shall be communicated to the applicant in writing stating therein the grounds on which the application has been rejected.

(3) The Asset Management Company, which is aggrieved by the decision of the Board under sub-regulation (1), may, within a period of thirty days from the date of receipt of such intimation, apply to the Board for reconsideration of its decision.

(4) The Board shall as soon as possible in the light of the submissions made in the application under sub-regulation (3) and wherever necessary, after giving an opportunity for personal hearing, communicate its decision in writing to the applicant.

Restrictions on business activities of the Asset Management Company

23. No Asset Management Company shall -

(a) act as a Trustee of any Mutual Fund;

(b) undertake any other business activities except activities like financial services consultancy, exchange of research on commercial basis as long as any of such activities are not in

(ग) किसी अन्य पारस्परिक निधि के लिए आस्ति प्रबंध कंपनी के रूप में कार्य नहीं करेगी;

(ग) आस्ति प्रबंध कंपनी के किसी निदेशक को किसी न्यास में न्यासी का पद धारण करने या किसी अन्य आस्ति प्रबंध कंपनी में निदेशक के रूप में कार्य नहीं करेगी;

(घ) आस्ति प्रबंध कंपनी के किसी निदेशक को किसी न्यास में न्यासी का पद धारण करने या किसी अन्य आस्ति प्रबंध कंपनी में निदेशक के रूप में कार्य करने की अनुज्ञा नहीं देगी ।

आस्ति प्रबंध कंपनी और उसकी बाध्यताएं ।

24.(1) आस्ति प्रबंध कंपनी सभी युक्तियुक्त कदम उठाएगी और सभी सम्यक् तत्परता का प्रयोग करेगी तथा यह सुनिश्चित करेगी कि किसी स्कीम से संबंधित निधियों का विनिधान इन विनियमों और न्यास विलेख के उपबंधों के प्रतिकूल नहीं है ।

(2) आस्ति प्रबंध कंपनी अपने कर्मचारियों या ऐसे व्यक्तियों की, जिनकी सेवाएं उस कंपनी द्वारा अभिप्राप्त की गई हैं, करण-त्रुटियों और लोपों के लिए उत्तरदायी होगी ।

(3) आस्ति प्रबंध कंपनी न्यासी को अपने क्रियाकलाप और इन विनियमों के पालन पर तिमाही रिपोर्ट 31 मार्च, 30 जून, 30 सितंबर और 31 दिसंबर को प्रस्तुत करेगी ।

(4) आस्ति प्रबंध कंपनी से अपने सभी व्यय की पूर्ति और -

(क) कार्यालय स्थान, कार्मिक जिसके अंतर्गत सुरक्षा विश्लेषक और पोर्टफोलियो प्रबंधक हैं:

(ख) विनियामक पालन और रिपोर्ट करने की सेवाओं;

(ग) निधि की प्रास्पेक्टस, वार्षिक और कालिक रिपोर्टों और अन्य विनिधान सूचनाओं;

(घ) विज्ञापन और अन्य विक्रय सामग्री;

(ङ) लेखा सेवाओं और आय विवरणियों को तैयार करने, और

(च) बीमा रक्षण और अन्य सेवाओं के लिए उपबंध करने की प्रत्याशा की जाएगी ।

conflict with the activities of the Mutual Fund;

(c) act as an Asset Management Company for any other Mutual Fund;

(d) permit any director of the Asset Management Company to hold the position of a Trustee in a Trust or act as a Director in any other Asset Management Company.

Asset Management Company and its obligations.

24.(1) The Asset Management Company shall take all reasonable steps and exercise all due diligence and ensure that the investment of funds pertaining to any scheme is not contrary to the provisions of these Regulations and the trust deed.

(2) The Asset Management Company shall be responsible for the acts of commissions and omissions by its employees or the persons whose services have been obtained by that Company.

(3) The Asset Management Company shall submit to the Trustee, quarterly reports on March 31, June 30, September 30 and December 31 on its activities and the compliance with these regulations.

(4) The Asset Management Company shall be expected to meet all its expenses and make provision for -

(a) Office space, personnel including security analysts and portfolio managers;

(b) regulatory compliance and reporting services;

(c) preparation and distribution of the Fund's prospectus, annual and periodic reports and other investor communications;

(d) advertising, and other sales material;

(e) accounting services and preparation of tax returns; and

(f) insurance coverage and other services.

(5) पारस्परिक निधि के न्यासी आस्ति प्रबंध कंपनी से लिखित रूप में युक्तियुक्त सूचना प्राप्त करने के पश्चात् किसी समय आस्ति प्रबंध कंपनी की नियुक्ति समाप्त कर सकेंगे :

परंतु यह कि नियुक्ति की समाप्ति तभी प्रभावी होगी जब पारस्परिक निधि के न्यासियों ने नियुक्ति को समाप्ति स्वीकार कर ली है और अपना विनिश्चय आस्ति प्रबंध कंपनी को लिखित रूप में सूचित कर दिया है ।

(6) किसी संविदा या करार में किसी बात के होते हुए भी आस्ति प्रबंध कंपनी या उसके निदेशक या अधिकारी ऐसी स्थिति या पद धारण करते हुए अपनी करण-त्रुटियों या लोपों के लिए पारस्परिक निधि के प्रति किसी सिविल दायित्व से मुक्त नहीं होंगे ;

अभिरक्षक सेवाएं ।

25. पारस्परिक निधि का एक अभिरक्षक होगा जो आस्ति प्रबंध कंपनी से किसी भी प्रकार सहयुक्त नहीं हैं ।

अभिरक्षक का अनुमोदन ।

26. (1) अभिरक्षक रजिस्ट्रीकरण के लिए प्ररूप क में आवेदन करेगा ।

(2) विनियम 5, 6, और 7 के उपबंध इस विनियम के उप-विनियम (I) के अधीन किए गए आवेदन को यशाशक्य लागू होंगे ।

(3) अभिरक्षक का अनुमोदन दिए जाने के लिए बोर्ड सभी बातों का जो अभिरक्षक के कामकाज के दक्ष और सुव्यवस्थित संचालन के लिए सुसंगत है और विशेष रूप से निम्नलिखित को ध्यान में रखेगा, अर्थात् :—

(क) वर्तमान अभिरक्षक का सुयोग्य अभिलेख, साधारण विनियमन और संव्यवहारों में औचित्य है;

(ख) स्वयं आवेदक और उसके कर्मचारी ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें अभिरक्षक सेवाएं देने में अनुभव है;

(ग) आवेदक के पास अभिरक्षक सेवाएं देने के लिए अवसंरचना, कार्यालय स्थान और कार्मिक हैं;

(5) The Trustees of the Mutual Fund may terminate the assignment of the Asset Management Company at any time after receiving a reasonable notice in writing from the Asset Management Company ;

Provided that the termination shall become effective only after the Trustees of the Mutual Fund have accepted the termination of assignment and communicated their decision in writing to the Asset Management Company.

(6) Notwithstanding anything contained in any contract or agreement, the Asset Management Company or its directors or the officers shall not be absolved of any civil liability to the Mutual Fund for their acts of commission and omissions, while holding such position or office.

Custodian Services

25. The Mutual Fund shall have a custodian who is not in any way associated with the Asset Management Company.

Approval of Custodian.

26. (1) The Custodian shall make an application in Form A for registration.

(2) The provisions of regulations 5, 6 and 7 shall, so far as may be, apply to the application made under sub-regulation (1) of this regulation.

(3) For grant of approval of the Custodian, the Board may take into account all matters which are relevant to efficient and orderly conduct of the affairs of the custodian and in particular the following, namely:-

(a) the existing custodian has a sound track record, general regulation and fairness in transactions;

(b) the applicant himself or the employees are persons who have experience in providing custodian services;

(c) the applicant has the infrastructure, office space and personnel to provide custodian services;

(घ) आवेदक या निदेशक या भागीदार किसी आर्थिक अपराध के दोषी नहीं पाए जाते हैं;

(ङ) आवेदक किसी पारस्परिक निधि का प्रायोजक या न्यासी नहीं है ।

(4) अभिरक्षक को अनुमोदन का दिया जाना निम्नलिखित निर्बधनों और शर्तों के अधीन होगा, अर्थात् :—

(क) अभिरक्षक या उसके निदेशक, भागीदार किसी आस्ति प्रबंध कंपनी से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयुक्त या संबद्ध नहीं होंगे;

(ख) अभिरक्षक किसी पारस्परिक कंपनी के प्रायोजक या न्यासी के रूप में कार्य नहीं करेगा;

(ग) अभिरक्षक बोर्ड के पूर्व अनुमोदन के बिना एक से अधिक पारस्परिक निधि के अभिरक्षक के रूप में कार्य नहीं करेगा ।

(d) the applicant or the director, partner are not found guilty of any economic offence;

(e) the applicant is not the sponsor or trustee, of any Mutual Fund.

(4) The grant of approval to the custodian shall be subject to the following terms and conditions, namely:-

(a) the custodian, or its directors, partners will not in any way be directly or indirectly affiliated or associated with any Asset Management Company;

(b) the custodian will not act as sponsor or the trustee of any Mutual Fund.

(c) the custodian will not act as a custodian of more than one Mutual Fund without the prior approval of the Board.

अध्याय 4

पारस्परिक निधियों की स्कीमें

स्कीमों की घोषणा ।

27. (1) आस्ति प्रबंध कंपनी की कोई भी स्कीम तब तक घोषित नहीं की जाएगी जब तक ऐसी स्कीम न्यासियों और बोर्ड द्वारा अनुमोदित नहीं की जाती है ।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन स्कीम के अनुमोदन पर विचार करने के लिए आस्ति प्रबंध कंपनी स्कीम की विशिष्टियाँ प्रास्पेक्टस, प्रस्थापना-पत्र और उससे सुसंगत सामग्री बोर्ड को प्ररूप रूप में भेजेगी ।

(3) उप-विनियम (2) में निर्दिष्ट दस्तावेजों पर विचार करने पर बोर्ड प्रस्तावित स्कीमें आस्ति प्रबंध कंपनी से ऐसे उपांतरण करने की अपेक्षा कर सकेगा जो वह ठीक समझे ।

(4) उप-विनियम (3) में किसी बात के होते हुए भी आस्ति प्रबंध कंपनी स्कीम की घोषणा कर सकेगी यदि उप-विनियम (3) में विनिर्दिष्ट दस्तावेजों की प्राप्ति की तारीख से तीस दिन के भीतर उसे बोर्ड से कोई सुझाव प्राप्त नहीं होते हैं ।

प्रचार सामग्री की अंतर्वस्तु ।

28. (1) प्रत्येक स्कीम की बाबत प्रस्थापना-पत्र और अन्य प्रचार सामग्री अनुसूची 6 के उपबंधों के अनुरूप होगी:

परंतु कोई प्रस्थापना-पत्र या विवरणिका या कोई विज्ञापन सामग्री तब तक जारी नहीं की जाएगी जब तक वह बोर्ड द्वारा अनुमोदित नहीं की जाती ।

(2) प्रत्येक स्कीम के लिए विपणन और प्रचार सामग्री से, प्रत्येक स्कीम के विनिधान उद्देश्य, विनिधानों के मूल्यांकन की रीति और आवर्तन, विक्रियों, क्रयों के आवर्तन की वास्तविक रीति और अन्य ब्योरे जो विनिधानकर्ताओं के संरक्षण के लिए बोर्ड द्वारा आवश्यक समझे जाएं, समुचित रूप से प्रकट होंगे ।

CHAPTER IV

SCHEMES OF MUTUAL FUNDS

Procedure for announcement of schemes.

27. (1) No scheme shall be announced by the Asset Management Company unless such scheme is approved by the Trustees and the Board.

Contents of Publicity Material.

(2) For consideration of the approval of the scheme under sub-regulation (1), the Asset Management Company shall forward to the Board, in draft, the particulars of the scheme, prospectus, letter of offer and material relevant to the scheme.

(3) On consideration of the documents referred to in sub-regulation (2), the Board may require the Asset Management Company to carry out such modifications as it deems fit in the proposed scheme.

(4) Notwithstanding anything contained in sub-regulation (3), the Asset Management Company may announce the scheme, if no suggestions are received from the Board within thirty days from the date of receipt of the documents referred to in sub-regulation (2) by it.

Misleading statements.

28. (1) The letter of offer and other advertising materials in respect of every scheme shall be in conformity with the provisions of Schedule V.

Provided that no letter of offer or brochure or any advertisement material shall be issued unless it is approved by the Board.

(2) The marketing and publicity brochures for each scheme shall properly disclose the investment objectives, the method and periodicity of valuation of investments, the exact method and periodicity of sales, purchases and other details considered by the Board to be essential for the protection of

भ्रामक कथन ।

29. प्रस्थापना-पत्र या विवरणिका या विज्ञापन किसी भी प्रकार से भ्रामक नहीं होगा या उसमें कोई ऐसे कथन या राय नहीं होगी जो असत्य या मिथ्या हैं ।

स्कीमों का सूची-बद्ध किया जाना ।

30. संवृत्त स्कीमों के यूनिटों के सूचीबद्ध किए जाने के लिए आवेदन, बोर्ड से स्कीम के लिए अनुमोदन की प्राप्त पर, स्टाक एक्सचेंज को तुरंत किया जाएगा ।

जुटाई जानेवाली न्यूनतम रकम ।

31. (1) प्रत्येक संवृत्त और आवृत्त स्कीम की बाबत जुटाई जाने वाली न्यूनतम रकमें क्रमशः बीस करोड़ और पचास करोड़ रुपए होंगी ।

परंतु ऐसी रकम के लिए कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी जो पारस्परिक निधि आवृत्त स्कीम के अधीन संग्रहीत करे ।

परंतु यह और कि उसके प्रवर्तन के दो वर्ष की आरंभिक अवधि के दौरान पारस्परिक निधि को उसकी सभी स्कीमों की मिलाकर दो सौ करोड़ रुपए से अधिक की रकम जुटाने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी ।

स्कीम खुली रखी जाएगी ।

32. कोई भी पारस्पारिक निधि संवृत्त स्कीम को पैंतालिस दिन से अधिक के लिए खुली नहीं रख सकेगी:

परंतु संवृत्त स्कीम की बाबत विनियम 31 के उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट न्यूनतम रकम अभिदाय सूची के खुलने से पैंतालीस दिन के भीतर संग्रहीत की जाएगी ।

प्रतिदाय ।

33. (1) न्यासी और आस्ति प्रबंध कंपनी विनिधानकर्त्ताओं को संग्रहीत संपूर्ण रकम का प्रतिदाय करने के लिए दायी होंगे यदि वह विनियम 31 में निर्दिष्ट न्यूनतम रकम या लक्ष्यित रकम का साठ प्रतिशत संग्रहीत करने में असफल रहती है ।

(2) उप-विनियम (1) के अधीन प्रतिदेय कोई भी रकम रसीदी रजिस्ट्री (2) उप-विनियम (1) के अधीन प्रतिदेय कोई भी रकम रसीदी रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजी जाएगी और वह "पाने वाले के खाते में" तुरंत अंकित होगी किंतु हर हालत में दह अभिदाय सूची के बंद होने की तारीख से सप्ताह के अपश्चात् लोटाई जाएगी ।

the investors.

Misleading statements

29. The letter of offer or brochure or advertisement shall not in any way be misleading or contain any statements or opinions which are incorrect or false.

Listing of Schemes.

30. An application for listing of units of close-ended schemes shall be made to the stock exchange immediately on receipt of the approval for the scheme from the Board.

Minimum amount to be raised.

31. (1) Minimum amounts to be raised in respect of each closed-ended and open-ended scheme shall be Rupees twenty crores and Rupees fifty crores respectively.

Provided that there shall be no maximum limit on the amount which the mutual fund may collect under an open ended scheme.

Scheme to be kept open.

32. No Mutual Fund may keep a close ended scheme open for subscription for more than forty-five days :

Provided that, in respect of an open ended scheme the minimum amount referred to in sub-regulation (1) of Regulation 31 shall be collected within forty-five days of the opening of subscription list.

Refunds.

33. (1) The Trustees and Asset Management Company shall be liable to refund to the investors the entire amount collected if it fails to collect a minimum amount or sixty per cent of the targeted amount referred to in Regulation 31.

(2) Any amount refundable under sub-regulation (1) shall be returned forthwith, but, in any case not later than six weeks from the date of the closure of the subscription list by Registered A.D and marked "A/C. Payee"

(3) ऊपर नियत अवधि के भीतर रकमों का प्रतिदाय करने में असफलता की दशा में पारस्पारिक निधि आवेदकों को अभिदाय सूची के बंद होने की तारीख से दह सप्ताह की समाप्ति पर पंद्रह प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज का संदाय करने के लिए दायी होगी ।

यूनिट प्रमाणपत्र ।

34. किसी विनिधानकर्ता को जो यूनिटों के क्रय के लिए आवेदन करता है और जिसका आवेदन नामंजूर नहीं किया गया है यथासंभवशीघ्र किंतु संवृत्त स्कीम की दशा में अभिदाय सूची के बंद होने की तारीख से दस सप्ताह के अपश्चात् और आवृत्त स्कीम की दशा में वह सप्ताह के अपश्चात एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा जिसमें उसको आबंटित यूनिटों की संख्या विनिर्दिष्ट होगी ।

अंतरण ।

35. जब तक स्कीम के अधीन अन्यथा निबोधित या प्रतिषिद्ध न किया जाए यूनिट प्रमाणपत्र पत्रकारों के कार्य द्वारा या विधि के प्रवर्तन द्वारा अबाध रूप से अँतरणीय होगा ।

(3) आस्ति प्रबंध कंपनी सुसंगत यूनिट प्रमाणपत्रों सहित वितरण की लिखत के जमा करने पर अंतरण को रजिस्टर करेगी और यूनिट प्रमाणपत्र के जमा करने की तारीख से तीस दिन के भीतर अँतरिती को लौटा देगी ।

परिसमापन ।

36. (1) किसी आवृत्त स्कीम का परिसमापन तब कर दिया जाएगा यदि पुनर्क्रयों के पश्चात् बकाया यूनिटों को कुल संख्या किसी भी समय मूल रूप से निर्गमित यूनिटों की संख्या पचास प्रतिशत से कम हो जाती है ।

(2) किसी पारस्पारिक निधि की संवृत्त स्कीम का परिसमापन -

(क) उस स्कीम द्वारा की अवधि के लिए नियत समय-अवधि की, यदि कोई हो, समाप्ति पर किया जा सकेगा; या

(ख) किसी घटना के घटित होने पर किया जा सकेगा जो न्यासियों की राय में स्कीम के परिसमापन की अपेक्षा करती है ; या

(ग) तब किया जाएगा जब किसी स्कीम के पचहत्तर प्रतिशत यूनिटधारक यह स्कीम पारित करते हैं कि स्कीम का परिसमापन कर दिया जाए; या

(3) In the event of failure to refund the amounts within the period stipulated above, the Mutual Fund shall be liable to pay the interest to the applicants at a rate of fifteen percent per annum on the expiry of six weeks from the date of closure of the subscription list.

Unit certificates

34. Any investor who makes an application for the purchase of the units, and whose application has not been rejected shall be issued as soon as possible, but not later than ten weeks from the date of closure of the subscription list in the case of a close ended scheme, and six weeks in the case of an open ended scheme, a certificate specifying the number of units allotted to him.

Transfer.

35. (1) The units certificate unless otherwise restricted or prohibited under the scheme, shall be freely transferable by act of parties or by operation of law.

(2) The Asset Management Company shall, on lodgement of instrument of transfer together with relevant Unit Certificates, register the transfer and return the Unit Certificate to the transferee within thirty days from the date of lodgement of Unit Certificate together with the relevant instrument of transfer.

Winding up

36. (1) An open-ended scheme shall be wound up, if the total number of units outstanding after re-purchases at any point of time falls below fifty per cent of the originally issued number of units.

(2) A close-ended scheme of a Mutual Fund may be wound up

(a) on the expiry of the period of time if any, fixed for the duration of the scheme by that scheme; or
(b) on the happening of any event which, in the opinion of the Trustees, requires the scheme to be wound up; or

(ख) तब किया जाएगा यदि बोर्ड यूनिटधारकों के हित में ऐसा निदेश देता है ।

(3) जहां स्कीम का परिसमापन उप-विनियम (1) या उप-विनियम (2) के अनुसरण में किया जाना है वहां न्यासी स्कीम के परिसमापन में परिणत होनेवाली परिस्थितियों की सूचना -

(क) बोर्ड की देंगे; और

(ख) दो दैनिक समाचारपत्र में देंगे जिनका संपूर्ण भारत में परिचालन है और देशी भाषा के एक ऐसे समाचारपत्र में भी देंगे जो उस स्थान में परिचालित है जहां पारस्परिक निध स्थापित है ।

परिसमान का प्रभाव ।

37. परिसमापन के विज्ञापन की तारीख से ही, यथास्थिति, न्यासी या आस्ति प्रबंध कंपनी -

(क) कोई कारबार- क्रियाक्लाप करना बंद कर देंगे;

(ख) स्कीम में यूनिटों का सृजन और रद्दकरण करना बंद कर देंगे ;

(ग) स्कीम में यूनिटों का निर्गमन और मोचन करना बंद कर देंगे ।

परिसमापन की प्रकिया और रीति ।

38. (1) न्यासी, स्कीम के परिसमापन के लिए कदम उठाने के लिए न्यासियों या किसी अन्य व्यक्ति को प्राधिकृत करने के लिए विचार करने और अधिवेशन में उपस्थित और मतदान करने वाले यूनिट धारकों के साधारण बहुमत द्वारा आवश्यक संकल्प पारित करने के लिए यूनिटधारकों का अधिवेशन बुलाएगा ।

2 (क) उप-विनियम (1) के अधीन प्राधिकृत न्यासी या व्यक्ति संबंधित स्कोम की आस्तियों का व्ययन उस स्कीम के यूनिट धारकों के सर्वोत्तम हित में करेगा ।

(ख) ऊपर खंड (क) के अनुसरण में किए गए विक्रय के आगमों का उपयोग प्रथमत: ऐसे दायित्वों के निर्वहन के लिए किया जाएगा जो स्कीम के अधीन उचित रूप से शोध्य हैं और ऐसे परिसमाप्त से संबद्ध व्यय की पूर्ति करने के लिए उपयुक्त उपबंध

(c) if seventy five per cent of the unit holders of a scheme pass a resolution that the scheme be wound up; or
(d) if the Board so directs in the interest of the unit-holders.

(3) Where a scheme is to be wound up in pursuance to sub-regulation (1) or sub-regulation (2), the Trustees shall give notice of the circumstances leading to the winding up of the scheme -
(a) to the Board; and
(b) in two daily newspapers having circulation all over India and also in a vernacular newspaper circulating at the place where the Mutual Fund is established.

Effect of winding up.

37. On and from the date of the advertisement of the winding up the Trustee or the Asset Management Company as the case may be, shall -
(a) cease to carry on any business activities;
(b) cease to create and cancel units in the scheme;
(c) cease to issue and redeem units in the scheme.

Procedure and Manner of winding up.

38. (1) The Trustee shall call a meeting of the unit holders to consider and pass necessary resolutions by simple majority of the unit holders present and voting at the meeting for authorising the Trustees or any other person to take steps for winding up of the scheme.

(2)(a) The Trustee or the person authorised under sub-regulation (1) shall dispose of the assets of the scheme concerned in the best interest of the unit holders of that scheme.
(b) The proceeds of sale made in pursuance of clause (a) above, shall, in the first instance be utilised towards discharge of such liabilities as are properly due under the scheme and after making appropriate provision for meeting the expenses

करने के पश्चात् अतिशेष का, यूनिटधारकों को स्कीम की आस्तियों में उस तारीख को, जब परिसमापन के लिए विनिश्चय किया गया था, उनके अपने-अपने हित के अनुपात में संदाय किया जाएगा ।

(3) परिसमापन के पूरा हो जाने पर न्यासी, बोर्ड और यूनिट धारकों को परिसमापन पर रिपोर्ट भेजेगा जिसमें परिसमापन में परिगत होने वाली परिस्थितियों, परिसमापना के पूर्व निधि की अस्तियों के व्ययन के लिए उठाए गए कदमों, परिसमापन के लिए निधि के व्यय, यूनिटधारकों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों और निधि के लेखापरीक्षकों से प्रमाणपत्र जैसी विशिष्टियां होंगी ।

(4) इस विनियम में किसी बात के होते हुए भी अर्ध-वार्षिक रिपोर्टों और वार्षिक रिपोर्टों के प्रकटनों की बाबत उन विनियमों के उपबंधों का लागू होना जारी रहेगा ।

स्कीम का परिसमापम ।

39 विनियम 38 के उप-विनियम (3) के अधीन रिपोर्ट की प्राप्ति के पश्चात् यदि बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि स्कीम के परिसमापन के लिए सभी उपाय पूरे कर लिए गए हैं तो स्कीम अस्तित्वहीन हो जाएगी ।

connected with such winding up, the balance shall be paid to the unit holders in proportion to their respective interest in the assets of the scheme as on the date when the decision for winding up was taken.

(3) On the completion of the winding up, the Trustee shall forward to the Board and the unit holders a report on the winding up containing particulars such as circumstances leading to the winding up, the steps taken for disposal of assets of the fund before winding up, expenses of the fund for winding up, net assets available for distribution to the unitholders and a certificate from the auditors of the fund.

(4) Notwithstanding anything contained in this regulation, the application of the provisions of these regulations in respect of disclosures of half yearly reports and annual reports shall continue.

Winding up of the scheme.

39. After the receipt of the report under sub-regulation (3) of Regulation 38, if the Board is satisfied that all measures for winding up of the scheme have been completed, the scheme shall cease to exist.

अध्याय 5

विनिधान उद्देश्य और मूल्यांकन नीतियां

विनिधान उद्देश्य।

40. (1) किसी पारस्परिक निधि की किसी स्कीम के अधीन संग्रहीत धनराशियां केवल अंतरणीय प्रतिपूर्तियों में चाहे मुद्रा बाजार में या पूंजी बाजार में या प्राइवेट रूप से रखे गए डिबेंचरो या प्रतिभूत ऋणों में विनिहित की जाएगी ।

विनिधान निर्बंधन।

41. विनियम 40 के अनुसरण में किए जाने वाले कोई विनिधान अनुसूची 6 में वर्णित विनिधान निर्बंधन के अधीन रखते हुए किए जाएंगे ।

विकल्प व्यापार।

42. किसी पारस्परिक निधि का किसी भी रीति से उपयोग विकल्प व्यापार में या मंदड़िया विक्रय या अग्रनयन संव्यवहारों में नहीं किया जाएगा ।

विनिधानों के मूल्यांकन की रीति।

43. प्रत्येक पारस्परिक निधि प्रत्येक स्कीम की बाबत बोर्ड द्वारा अनुमोदित विनिधानों के मूल्यांकन की रीति उपदर्शित करेगी ।

(2) उप-विनियम (1) पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे विनिधानों का मूल्य जो बजारों में सूचीबद्ध नहीं है, न्यासियों द्वारा कालिकत: पुनर्विलोकन किया जाएगा और लेखापरीक्षकों द्वारा उन पर पारस्पारिक निधि की वार्षिक रिपोर्ट में टीका टिप्पणी की जाएगी ।

उन प्रतिमूतियों का मूल्यांकन जिनका व्यापार नहीं किया गया है।

44. जहां विनिधान मूल्यांकन की तारीख के पूर्व सूचीबद्ध हैं किंतु एक मास की अवधि के बीच उनका व्यापार नहीं किया गया है वहां आस्ति प्रबंध कंपनी उसका वास्तविक रूप से वसूली योग्य मूल्य दर्शित करने के लिए इस शर्त के अधीन रहते हुए उचित और स्वतंत्र मूल्यांकन की रीति न्यासियों द्वारा अनुमोदित की जाएगी और लेखापरीक्षकों द्वारा उस पर निधि की वार्षिक रिपोर्ट में टीका-टिप्पणी की जाएगी ।

CHAPTER V

INVESTMENT OBJECTIVES AND VALUATION POLICIES

Investment objective

40. (1) The moneys collected under any scheme of a Mutual Fund shall be invested only in transferable securities whether in the money market or in the capital market or in privately placed debentures or securitised debts.

Investment restriction.

41. Any investments to be made in pursuance to Regulation 40 shall be invested subject to the investment restriction mentioned in Schedule VI.

Option Trading

42. The Funds of a Mutual Fund shall not in any manner be used in option trading or in short selling or carry forward transactions.

Method of valuation of investments

43. (1) Every Mutual Fund shall, in respect of every scheme, indicate the method for valuation of the investments as approved by the Board.

(2) Without prejudice to sub-regulation (1) the value of investments, which are not listed in the markets shall be periodically reviewed by the Trustees and commented upon by the auditors in the annual report of the Mutual Fund.

Valuation of untraded securities

44. Where the investments, are listed but not traded during the period of one month, prior to the date of valuation, the Asset Management Company shall make a fair and independent valuation, so as to reflect its true realisable value, subject to the condition that the method of valuation shall be approved by the Trustees and commented upon by the auditors in the annual report of the Fund.

शुद्ध आस्ति मूल्य की संगणना ।

45 (1) प्रत्येक पारस्परिक निधि अपनी प्रत्येक स्कीम के लिए शुद्ध आस्ति मूल्य (शु आ मू) की संगणना करने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित सूत्र का अनुसरण करेगी ।

(2) शुद्ध आस्ति मूल्य की संगणना की जाएगी और वह-

(क) आवृत्त स्कीमों की बाबत एक मास, और

(स) संवृत स्कीमों की बाबत तीन मास,

से अनधिक के अंतरालों पर कम से कम दो दैनिक समाचारपत्रों में प्रकाशित किया जाएगा ।

यूनिटों का कीमत-निर्धारण ।

46. (1) स्कीम में उस कीमत का भी, जिस पर यूनिटों के लिए अभिदाय किया जा सकेगा या स्कीम में स्वतंत्र भागियों को उनका विक्रय किया जा सकेगा और उस कीमत का जिस पर ऐसे यूनिटों का पारस्परिक निधि द्वारा किसी समय पुनर्क्रय किया जा सकेगा, उपबंध किया जा सकेगा ।

(2) पारस्परिक निधि यूनिटों की विक्रय और पुनर्क्रय कीमत का सप्ताह में कम से कम एक बार ऐसी रीति से कालिक प्रकाशन करेगी जिससे जानकारी सभी संबंधित विनिधानकर्ताओं को उपलब्ध हो जाए ।

(3) किसी स्कीम में यूनिटों की क्रय-कीमत और विक्रय-कीमत का अवधारण करते समय पारस्परिक निधि यह सुनिश्चित करेगी कि इन दो कीमतों में अंतर विक्रय कीमत के सात प्रतिशत से अधिक नहीं है ।

Computation of Net Asset Value

45. (1) Every Mutual Fund shall follow a formula, approved by the Board, for computing the Net Asset Value (NAV) for each of its schemes.

(2) The Net Asset Value shall be calculated and published atleast in two daily newspapers at intervals of not exceeding -
(a) one month in respect of open ended schemes; and
(b) three months in respect of close ended schemes.

Pricing of Units

46. (1) The scheme may also provide for the price at which the units may be subscribed or sold to the independent participants in the scheme and the price at which such units may at any time be repurchased by the Mutual Fund.

(2) The Mutual Fund shall periodically publish atleast once a week the sale and repurchase price of units in a manner as would make the information accessible to all the investors concerned.

(3) While determining the purchase price and sale price of the units in any scheme, the Mutual Fund shall ensure that the difference between these two prices does not exceed seven percent of the sale price.

अध्याय 6

पारस्परिक निधि की साधारण बाध्यताएं

समुचित लेखा बहियां और अभिलेख, आदि बनाए रखना ।

47. (1) उप-विनियम (4) के अधीन रहते हुए प्रत्येक पारस्पारिक निधि प्रत्येक स्कीम के लिए समुचित लेखा बहियां, अभिलेख और दस्तावेज रखेगी और उन्हें बनाए रखेगी:

परंतु लेखा बहियां ऐसी होनी चाहिएं जिनसे पारस्पारिक निधि के संव्यवहार स्पष्ट हो और विशेष रूप से निधि के कामकाज की स्थिति का सही और ऋजु चित्र प्रस्तुत करें:

परंतु यह और कि पारस्परिक निधि बोर्ड की उस स्थान की सूचना देगी जहां लेखा बहियां अभिलेख और दस्तावेज बनाए रखे जाते हैं ।

(2) पारस्परिक निधि सुसंगत लेखा तारीख को निधि की आस्तियों के स्कीमवार व्ययन और यूनिट धारक को उचित और सही रीति से प्रोद्भूत होने वाली आय के वितरण या संचयन के बारे में जानकारी सहित उस अवधि के दौरान कार्य-निष्पादन के समुचित ब्योरे देने के लिए लेखा नीतियों और मानकों का अनुसरण भी करेगी ।

लेखा वर्ष ।

48. सभी स्कीमों के लिए लेखा वर्ष उसी तारीख को समाप्त होगा जो 31 मार्च होगी:

परंतु लेखा वर्ष के दौरान प्रारंभ की गई नई स्कीम के लिए प्रकटन और रिपोर्ट करने की अपेक्षाएं उसके प्रारंभ की तारीख से आरंभ होने वाली और पारस्पारिक निधि के सुसंगत लेखा वर्ष की अंतिम तारीख को समाप्त होने वाली अवधि के लिए लागू होंगी ।

उपार्जनों का वर्गीकरण ।

49. प्रत्येक पारस्परिक निधि अपने लेखाओं में अपने उपार्जनों को अल्पकालिक पूंजी अभिलाभ और दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभ और अन्य आय में पृथक्करण करके प्रकटन करेगी ।

व्यय पर सीमा ।

50. (1) सभी व्यय की पृथक्-पृथक् स्कीमों के लिए पहचान और विनियोजन स्पष्ट रूप से होना चाहिए ।

CHAPTER VI

GENERAL OBLIGATIONS OF THE MUTUAL FUND

To maintain proper books of accounts and records etc.

47. (1) Subject to sub-regulation (2), every Mutual Fund for each scheme shall keep and maintain proper books of accounts, records and documents.

Provided that books of accounts should be such as to explain its transactions and to disclose at any point of time the financial position of the Mutual Fund and in particular give a true and fair view of the state of affairs of the Fund :

Provided further that the Mutual fund shall intimate to the Board the place where the books of accounts, records and documents are maintained.

(2) The Mutual Fund shall also follow the accounting policies and standards so as to provide appropriate details of the schemewise disposition of the assets of the fund at the relevant accounting date and the performance during that period together with information regarding distribution or accumulation of income accruing to the unitholder in a fair and true manner.

Accounting year.

48. The accounting year for all the schemes shall end on the same date which shall be March 31 :

Provided that, for a new scheme commenced during the accounting year, the disclosure and reporting requirements would apply for the period beginning from the date of its commencement and ending on the last date of the relevant accounting year of the Mutual Fund.

Classification of earnings.

49. Every Mutual Fund shall, in its accounts, make a disclosure by segregating its earnings into "Short-term capital gains" and "Long-term Capital gains" and other income.

(2) आस्ति प्रबंध कंपनी पारस्परिक निधि को विनिधान प्रबंध और सलाहकार फीस से प्रभारित कर सकेगी जो निम्नलिखित के अधीन रहते हुए प्रास्पेक्टस में पूर्ण रूप से प्रकट की गई हैं, अर्थात्:-

(1) (क) संबंधित स्कीम के लिए प्रत्येक वर्ष में बकाया साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्तियों का एक सही एक बटा चार प्रतिशत जब तक कि शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक नहीं हैं ; और

(ख) 100 करोड़ रुपए से अधिक रकम का एक प्रतिशत जहां इस प्रकार सँगणित शुद्ध आस्तियां 100 करोड़ रुपए से अधिक हैं ।

(ii) ऊपर खंड (i) में वर्णित फीस के अतिरिक्त आस्ति प्रबंध कंपनी पारस्परिक निधि को निम्नलिखित से प्रभारित कर सकेगी, अर्थात्:-

(क) निधि और उसकी स्कीमों को प्रायोजित करने के आरंभिक निर्गमन खर्चे-

(ख) आवर्ती व्यय जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित हैं :-

(i) विपणन और विक्रय व्यय जिनके अन्तर्गत अभिकर्ता की कमीशन है यदि कोई हो;

(ii) दलाली और संव्यवहार खर्चे;

(iii) विक्रीत या मोचित शेयरों के अंतरण के लिए रजिस्ट्रार सेवाएं:

परंतु किसी एक स्कीम की बाबत आरंभिक निर्गमन व्यय उस स्कीम के अधीन जुटाई गई निधि के छह प्रतिशत से अधिक नहीं होगा ।

(3) उप-विनियम (2) में निर्दिष्ट व्यय और आस्ति प्रबंध कंपनी को संदेय कोई फीस पारस्परिक निधि को प्रभारित की जाएगी ।

लाभांश का वितरण और उसकी सीमाएं ।

51. प्रत्येक पारस्परिक निधि वार्षिक लेखा को बंद करने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र यूनिट धारकों को लाभांश के रूप में एक रकम का वितरण इन विनियमों के अनुसार

Limitation on expenses

50. (1) All expenses should be clearly identified and appropriated to the individual schemes.

(2) The Asset Management Company may charge the Mutual Fund with Investment Management and Advisory Fees which are fully disclosed in the prospectus subject to the following namely :-

(i) (a) One and a quarter of one per cent of the weekly average net assets outstanding in each accounting year for the scheme concerned, as long as the net assets do not exceed Rs.100 crores, and

(b) One per cent of the excess amount over Rs.100 crores, where net assets so calculated exceed Rs.100 crores.

(ii) In addition to the fees mentioned in clause (i) above, the Asset Management Company may charge the Mutual Fund with the following expenses namely :-

(a) initial issue costs of sponsoring the fund and its schemes;

(b) recurring expenses including-

(i) marketing and selling expenses including agent's commission, if any,

(ii) brokerage and transaction costs,

iii) registrar services for transfer of shares sold or redeemed :

Provided that initial issue expenses in respect of any one scheme shall not exceed six per cent of the fund raised under that scheme.

(3) The expenses referred to in sub-regulation (2) and any fees payable to Asset Management Company shall be charged to the Mutual Fund.

Distribution of dividend and limits thereof.

51. Every Mutual Fund shall, as soon as may be, after the closing of the annual accounts, distribute by way of dividend to the holders of the units in accordance with these regulations,

करेगी जो उस स्कीम की बाबत वर्ष के दौरान अर्जित लाभों के नब्बे प्रतिशत से कम नहीं होगी:

परंतु इस उप-विनियम की कोई बात संचयी विनिधान स्कीम या वृद्धि उन्मुख स्कीम को लागू नहीं होगी जिसकी बाबत स्कीम की प्रकृति का पूर्ण प्रकटन प्रस्थापना के समय विनिधानकर्ताओं को कर दिया गया है ।

अवक्षयण आदि के लिए उपबंध

52. (1) किसी स्कीम की बाबत लाभांश घोषित करने के पूर्व प्रत्येक पारस्परिक निधि विनिधानों पर अवक्षयण के लिए उपबंध करेगी और डूबंत और शंकास्पद ऋणों के लिए अपने लेखापरीक्षाकों के समाधान-प्रद रूप में उपबंध भी करेगी और लेखाओं के टिप्पणी में अवक्षयण की रीति प्रकट करेगी ।

(2) प्रत्येक पारस्परिक निधि प्रत्येक आवृत्त स्कीम की बाबत उस स्कीम की अय से समुचित विनियोजन द्वारा लाभांश समानीकरण आरक्षिति सर्जित करेगी ।

(3) लाभांश वारंट, लाभांश की घोषणा से बयालीस दिन के भीतर प्रेषित किए जाएंगे ।

लेखापरीक्षक की रिपोर्ट ।

53. (1) प्रत्येक पारस्परिक निधि अपने लेखाओं की लेखापरीक्षा ऐसे लेखापरीक्षक से कराएगी जो आस्ति प्रबंध कंपनी के लेखापरीक्षक से भिन्न होगा ।

स्पष्टीकरण: इस उप-विनियम और विनियम 65 के प्रयोजनों के लिए 'लेखापरीक्षक' से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 224 के अधीन कंपनी के लेखाओं की लेखा परीक्षा करने के लिए अर्ह है ।

(2) लेखापरीक्षक न्यासियों द्वारा नियुक्त किया जाएगा ।

(3) लेखा परीक्षक अपनी रिपोर्ट न्यासियों को भेजेगा और ऐसी रिपोर्ट पारस्परिक निधि की वार्षिक रिपोर्ट का मांगी होगी ।

(4) लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में निम्नलिखित समाविष्ट होंगे, अर्थात्:-

an amount, which shall not be less than ninety percent of the profits earned during the year in respect of that scheme :

Provided that nothing in this sub-regulation shall apply to a cumulative investment scheme or a growth oriented scheme in respect of which full disclosure of the nature of the scheme has been made to the investors at the time of the offer.

Provision for depreciation, etc.

52. (1) Before declaring dividend in respect of any scheme, every Mutual Fund shall provide for depreciation on investments and also make a provision for bad and doubtful debts, to the satisfaction of its auditors and shall disclose the method of depreciation in the notes to the accounts.

(2) Every Mutual Fund shall create, in respect of every open ended scheme, a dividend equalisation reserve by suitable appropriation from the income of that scheme.

(3) The dividend warrants shall be despatched within forty-two days of the declaration of the dividend.

Auditor's Report.

53. (1) Every Mutual Fund shall have its accounts audited by an auditor who shall be different from the auditor of the Asset Management Company.

Explanation : for the purposes of this sub-regulation and regulation 65, "auditor" means a person who is qualified to audit the accounts of a company under section 224 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956).

(2) An auditor shall be appointed by the Trustees.

(3) The auditor shall forward his report to the trustees and such report shall form part of the Annual Report of the Mutual Fund.

(क) इस प्रभाव का प्रमाणपत्र कि -

(i) उसने सभी जानकारी और स्पष्टीकरण अभिप्राप्त कर लिए हैं जो उसके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार उसकी लेखा-परीक्षा के लिए आवश्यक थे ।

(ii) तुलनपत्र और आमदनी लेखा स्कीम, कामकाज की स्थिति और उस लेखा अवधि के लिए जिससे, यथास्थिति, तुलन-पत्र या आमदनी लेखा संबंधित है निधि में अधिशेष वा घाटे का सही चित्र प्रकट करते हैं ।

वार्षिक रिपोर्ट और उसके सार का प्रकाशन ।

54. पारस्पारिक निधि की स्कीमवार वार्षिक रिपोर्ट और उसका संक्षिप्त सार यथाशक्य शीघ्र किंतु सुसंगत वित्तीय वर्ष के होने की तारीख से छह मास अपश्चात् विज्ञापन द्वारा प्रकाशित किया जाएगा:

परंतु यह कि वार्षिक रिपोर्ट और उसके संक्षिप्त सार में ऐसे ब्योरे जो अनुसूची 7 और 8 में विनिर्दिष्ट हैं और ऐसे अन्य ब्योरे समाविष्ट होंगे जो पारस्पारिक निधि की संक्रियाओं का सत्य और ऋजु चित्र दर्शित करने के लिए आवश्यक हैं:

परंतु यह और कि जब कभी रिपोर्ट सार रूप में प्रकाशित की जाती है तब ऐसे प्रकाशन में एक टिप्पण होगा कि पूरी वार्षिक रिपोर्ट पारस्परिक निधि के प्रधान कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगी और यदि ऐसी अपेक्षा की जाए तो उसकी एक प्रति ऐसी नाममात्र फीस के संदाय पर उपलब्ध कराई जाएगी जो पारस्परिक निधि द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए:

परंतु यह और भी कि न्यासी प्रत्येक शेयर धारक को उस स्कीम के जिसका कि यूनिटधारक सदस्य है, संक्षिप्त सार की एक प्रति भेजेंगे ।

कालिक प्रकटन :

55. (1) पारस्पारिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, न्यासी अभिरक्षक, पारस्पारिक निधि का प्रायोजक ऐसे प्रकटन करेंगे या ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करेंगे जिनके ऐसा करने के लिए बोर्ड द्वारा उनसे अपेक्षा की जाए ।

(2) उप-विनियम (1) की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना पारस्परिक निधि बोर्ड की निम्नलिखित कालिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, अर्थात्:-

(4) The auditor's report shall comprise of the following:-

(a) a certificate to the effect that -

(i) he has obtained all information and explanations which, to the best of his knowledge and belief, were necessary for the purpose of his audit.

(ii) the balance sheet and the revenue account give a fair and true view of the scheme, state of affairs and surplus or deficit in the Fund for the accounting period to which the Balance Sheet or, as the case may be the Revenue Account relates.

Publication of Annual Report and summary thereof.

54. The schemewise Annual Report of a Mutual Fund or an abridged summary thereof shall be published through an advertisement as soon as may be but not later than six months from the date of closure of the relevant financial year :

Provided that the Annual Report and abridged summary thereof shall contain details as specified in Schedule VII and VIII and such other details as are necessary for the purpose of providing a true and fair view of the operations of the Mutual Fund.

Provided further that, whenever the report is published in summary form such publication shall carry a note that full Annual Report shall be available for inspection at the Head Office of the Mutual Fund and if so required, a copy thereof shall be made available on payment of such nominal fees as may be specified by the Mutual Fund.

Periodic disclosures.

55. (1) The Mutual Fund, the Asset Management Company, the Trustee, Custodian, Sponsor of the Mutual Fund shall make such disclosures or submit such documents as they may be called upon to do so by the Board.

(2) Without prejudice to the generality of sub-regulation (1), the Mutual Fund shall furnish the following periodic reports to the Board namely :-

(क) सम्यक् रूप से लेखापरीक्षित लेखाओं के वार्षिक विवरणों की प्रतियां जिनके अन्तर्गत निधि के लिए और प्रत्येक स्कीम की बाबत तुलनपत्र और लाभ-हानि लेखा हैं, वर्ष में एक बार;

(ख) छह मासी लेखापरीक्षित न किए गए लेखाओं की एक प्रति;

(ग) निधि की प्रत्येक स्कीम के लिए शुद्ध आस्तियों में परिवर्तनों का तिमाही विवरण;,

(घ) प्रत्येक स्कीम के लिए तिमाही पोर्टफोलियो विवरण जिसके अन्तर्गत पूर्व अवधियों से परिवर्तन हैं ।

विनिधानकर्ताओं को प्रकटन ।

56. न्यासी विनिधानकर्ताओं को ऐसे प्रकटन करने के लिए बाध्य होंगे जो उन्हें किसी जानकारी की बाबत जिसका उनके विनिधानों पर प्रतिकूल प्रभाव हो सकता हैं, उन्हें अवगत करते रहने के लिए आवश्यक हैं ।

वार्षिक रिपोर्ट बोर्ड को भेजी जाएगी ।

57. प्रत्येक पारस्परिक निधि प्रत्येक वित्तीय वर्ष के बंद होने की तारीख से छह मास के भीतर बोर्ड को वार्षिक रिपोर्ट की एक प्रति और अन्य जानकारी भेजेगी जिसके अन्तर्गत विनिधानों के ब्योरे और पारस्परिक निधि द्वारा धारित जमा हैं जिससे कि पारस्परिक निधियों का संपूर्ण स्कीमवार पोर्टफोलियो बोर्ड को प्रकट हो जाए ।

अर्ध-वार्षिक प्रकटन

58. पारस्परिक निधि प्रत्येक आधे वर्ष की समाप्ति से, अर्थात् 31 मार्च और 30 सितंबर, को मास की समाप्ति के पूर्व अपने वित्तीय परिणाम जिनकी लेखा-परीक्षा नहीं हुई हैं, संपूर्ण भारत में परिचालित होने वाले एक दैनिक अंग्रेजी समाचारपत्र में और उस क्षेत्र की; जहां पारस्परिक निधि का प्रधान कार्यालय स्थित है, भाषा में प्रकाशित समाचारपत्र में विज्ञापन के माध्यम से प्रकाशित करेगी:

परंतु यह कि उप-विनियम में विनिर्दिष्ट अर्ध-वार्षिक रिपोर्ट में जिनकी लेखापरीक्षा नहीं हुई है, ऐसे ब्योरे जो अनुसूची - 8 में विनिर्दिष्ट हैं और ऐसे अन्य ब्योरे समाविष्ट होंगे जो पारस्परिक निधि की संक्रियाओं का सत्य और ऋजु चित्र दर्शित करने के लिए आवश्यक हैं ।

(a) Copies of the duly audited
annual statements of accounts including the balance sheet and the profit and loss account for the fund and in respect of each scheme, once a year;
(b) a copy of six monthly unaudited accounts;
(c) a quarterly statement of movements in net assets for each of the schemes of the fund;
(d) a quarterly portfolio statement, including changes from the previous periods, for each scheme.

Disclosures to the investors.

56. The Trustees shall be bound to make such disclosures to the investors as are essential in order to keep them informed about any information which may have an adverse bearing on their investments.

Annual Report to be forwarded to the Board.

57. Every Mutual Fund shall within six months from the date of closure of each financial year forward to the Board a copy of the Annual Report and other information including details of investments and deposits held by the Mutual Fund so that the entire schemewise portfolio of the Mutual Funds is disclosed to the Board.

Half Yearly sclosures.

58. A Mutual Fund shall before the expiry of two months from the close of each half year that is on 31st March and on 30th September publish through an advertisement, its unaudited financial results in one english daily newspaper circulating in the whole of India and in a newspaper published in the language of the region where the Head Office of the Mutual Fund is situated.

Provided that the half-yearly unaudited report referred in this sub-regulation shall contain details as specified in Schedule VIII and such other details as are necessary for the purpose of providing a true and fair view of the operations of the Mutual Fund.

पारस्परिक निधि अंतरण पर स्क्रिप लेगी या देगी ।

59. (1) प्रत्येक पारस्परिक निधि परिदानों के आचार पर प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय करेगी और क्रयों के सभी मामलों में सापेक्ष प्रतिभूतियों का परिदान लेगी और विक्रय के सभी मामलों में प्रतिभूतियों का परिदान करेगी और किसी भी दशा में अपने को ऐसी स्थिति में नहीं डालेगी जिसके द्वारा उसे मंदड़िया विक्रय या अग्रनयन संव्यवहार करना पड़े या बदला वित्तपोषण में लगना पड़े ।

(4) प्रत्येक पारम्परिक निधि संबंधित स्कीम के लेखे प्रतिभूतियों का क्रय या अंतरण पारस्परिक निधि के नाम में कराएगी जहां कहीं विनिधानों का दीर्घकालीन प्रकृति का होना आशयित है ।

Mutual Fund to take or give scrips on transfer

59.(1) Every Mutual Fund shall buy and sell securities on the basis of deliveries and shall in all cases of purchases, take delivery of relative securities and in all cases of sale, deliver the securities and shall in no case put itself in a position whereby it has to make short sale or carry forward transaction or engage in badla finance.

(2) Every Mutual Fund shall, get the securities purchased or transferred in the name of the Mutual Fund on account of the concerned scheme, wherever investments are intended to be of long term nature.

अध्याय 7

निरीक्षण और अनुशासनिक कार्यवाहियां

बोर्ड द्वारा निरीक्षण का अधिकार।

60 (1) बोर्ड उप-विनियम (2) में विनिर्दिष्ट किसी प्रयोजन के लिए पारस्परिक निधि, न्यासियों, आस्ति प्रबंध कंपनी और अभिरक्षक की लेखा बहियों, अभिलेखों और दस्तावेजों का निरीक्षण प्राधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकेगा।

(2) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट प्रयोजन निम्नलिखित हो सकेंगे, अर्थात्:-

(क) यह सुनिश्चित करना कि लेखा-बहियां और अन्य बहियां समुचित रूप से बनाई रखी जाती हैं;

(ख) कि अधिनियम और विनियमों के उपबंधों का पालन किया जा रहा है;

(ग) प्रबंधग्रहणों की दशा में पारस्परिक निधि, न्यासियों या आस्ति प्रबंध कंपनी की भूमिका का पुनर्विलोकन करना;

(घ) विनिधानकर्ताओं, अन्य पारस्परिक निधियों या किसी अन्य व्यक्ति से पारस्परिक निधि न्यासियों, आस्ति प्रबंध कंपनी और अभिरक्षक के क्रिया कलाप से संबंधित होने वाले किसी विषय पर प्राप्त शिकायतों का अन्वेषण करना ; और

(ङ) प्रतिभूति कारबार के हित में या विनिधानकर्ताओं के हित में, पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, न्यासियों या अभिरक्षक के कामकाज का स्वप्रेरणा से अन्वेषण करना।

निरीक्षण के पूर्व सूचना।

61 (1) विनियम 60 के अधीन निरीक्षण करने के पूर्व बोर्ड, यथास्थिति, पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, न्यासियों या अभिरक्षक को कम से कम सात दिन की सूचना देगा।

(2) उप-विनियम (1) में किसी बात के होते हुए भी जहां बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि विनिधानकर्ताओं के हित में कोई ऐसी सूचना नहीं दी जानी चाहिए वहां वह लिखित आदेश द्वारा यह निदेश दे सकेगा कि, यथास्थिति, पारस्परिक का

CHAPTER VII

INSPECTION AND DISCIPLINARY PROCEEDINGS

Right of inspection by the Board

60. (1) The Board may appoint one or more persons as inspecting authority to undertake the inspection of the books of accounts, records and documents of the Mutual Fund, the Trustees, Asset Management Company and Custodian for any of the purposes specified in sub-regulation (2).

(2) The purposes referred to in sub-regulation (1) may be as follows, namely:

(a) to ensure that the books of account and other books are being properly maintained;

(b) that the provisions of the Act and regulations are being complied with;

(c) to review the role of the Mutual Fund, Trustees or Asset Management Company in the case of takeovers;

(d) to investigate into the complaints received from investors, other mutual funds, or any other person on any matter having a bearing on the activities of the Mutual Fund, Trustees, Asset Management Company and Custodian; and

(e) to investigate suo-moto in the interest of securities business or investors' interest into the affairs of the Mutual Fund, Asset Management Company, Trustees, Custodians.

Notice before inspection

61. (1) Before undertaking an inspection under regulation 60 the Board shall give a minimum seven days notice to the Mutual Fund, Asset Management Company, Trustees or Custodian as the case may be.

(2) Notwithstanding anything contained in sub-regulation (1), where the Board is satisfied that in the interest of the investors no such notice should be given, it may by an order in writing direct that the inspection of the Mutual Fund, Asset

निरीक्षण ऐसी सूचना के बिना किया जाए ।

(3) बोर्ड द्वारा सशक्त किये जाने पर निरीक्षण प्रधिकारी निरीक्षण करेगा और वह पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, न्यासी और अभिरक्षक, जिसके विरुद्ध निरीक्षण किया जा रहा है, विनियम 62 के अधीन उपबंधित अपनी बाध्यताओं का निर्वहन करने के लिए आबद्ध होंगे ।

निरीक्षण पर पारस्पारिक निधि की बाध्यताएं ।

62. (1) यथास्थिति, उस पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, अभिरक्षक और न्यासियों के जिनका निरीक्षण किया जा रहा है, प्रत्येक निदेशक स्वत्वधारी, भागीदार, अधिकारी और कर्मचारी का यह कर्तव्य होगा वह अपनी अभिरक्षा और नियंत्रण में ऐसी लेखा-बहियां और अन्य दस्तावेज निरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष पेश करे और उसे पारस्परिक निधि और उसके क्रियाकलाप से संबंधित विवरण और जानकारी ऐसे समय के भीतर वे जिसकी निरीक्षण प्राधिकारी अपेक्षा करे ।

(2) उप-विनियम (1) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना पारस्परिक निधि किसी परिसर तक जो ऐसी पारस्परिक निधि के या उसकी ओर से किसी अन्य व्यक्ति के अधिभोग में हो या जो पारस्परिक निधि के क्रियाकलाप से किसी भी प्रकार संबंधित हो निरीक्षण प्राधिकारी को काम के घंटों के दौरान युक्तियुक्त पहुंच रखने की अनुज्ञा देगी और पारस्परिक निधि या किसी अन्य व्यक्ति के कब्जे में किन्हीं बहियों, अभिलेखों, दस्तावेजों और कंम्प्यूटर डाटा की परीक्षा करने के लिए युक्तियुक्त सुविधा भी प्रदान करेगी और दस्तावेजों या अन्य सामग्री की प्रतियां भी देगी जो निरीक्षण प्राधिकारी की राय में सुसंगत हैं ।

(3) निरीक्षण प्राधिकारी निरीक्षण के अनुक्रम में किन्हीं सदस्यों, निदेशक, भागीदार, स्वत्वधारी और कर्मचारी या पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, न्यासी या अभिरक्षक के क्रियाकलाप से किसी भी प्रकार से सहयुक्त किसी व्यक्ति की परीक्षा करने और उनके कथन अभिलिखित करने का हकदार होगा ।

(4) पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, न्यासी या अभिरक्षक के प्रत्येक निदेशक, स्वत्वधारी, भागीदार, अधिकारी या कर्मचारी का यह कर्तव्य होगा कि वह निरीक्षण प्राधिकारी को निरीक्षण के संबंध में सभी सहायता दे ।

Management Company, Trustees and Custodian as the case may be, be taken up without such notice.

(3) On being empowered by the Board, the inspecting authority shall undertake the inspection and the Mutual Fund, Asset Management Company, Trustees and Custodian against whom an inspection is being carried out shall be bound to discharge his obligations as provided under regulation 62.

Obligations of Mutual Fund on inspection

62. (1) It shall be the duty of every director, proprietor, partner, officer and employee of the Mutual Fund, Asset Management Company, Custodian and Trustee as the case may be who is being inspected to produce to the inspecting authority such books of account and other documents in his custody or control and furnish him with the statements and information relating to the Mutual Fund and its activities within such time as the inspecting authority may require.

(2) Without prejudice to the provisions of sub-regulation (1), the Mutual Fund shall allow the inspecting authority to have a reasonable access to the premises occupied by such Mutual Fund or by any other person, on his behalf or who may be in any way concerned with the activity of the Mutual Fund during working hours and also extend reasonable facility for examining any books, records, documents and computer data in the possession of the Mutual Fund or any other person and also provide copies of documents or other material which in the opinion of the inspecting authority are relevant.

(3) The inspecting authority shall in the course of inspection, be entitled to examine or record statements of any members, director, partner, proprietor and employee or any person in any way associated with the activities of the Mutual Fund, Asset Management Company, Trustee or Custodian.

बोर्ड को रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

63. निरिक्षण प्राधिकारी बोर्ड को निरीक्षण रिपोर्ट यथासंभव शीघ्र प्रस्तुत करेगा।

पारस्परिक निधि को निष्कर्षों आदि की सूचना

64. बोर्ड निरीक्षण रिपोर्ट पर विचार करने के पश्चात् इससे पूर्व कि निरीक्षण प्राधिकारी के निष्कर्षों पर बोर्ड द्वारा कोई कारवाई की जाए संबंधित व्यक्ति को सुने जाने का अवसर देने के लिए उसे निष्कर्षों की सूचना देगा।

लेखापरीक्षक की नियुक्ति।

65. इस अध्याय के किसी विनियम में किसी बात के होते हुए भी बोर्ड को विनियम 63 के अधीन निरीक्षण प्राधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर पारस्परिक निधि, न्यासी या आस्ति प्रबंध कंपनी या अभिरक्षक की लेखा-बहियों या कामकाज का अन्वेषण करने के लिए लेखापरीक्षक नियुक्त करने की शक्ति होगी:

परंतु यह कि इस प्रकार नियुक्त लेखा-परीक्षक को निरीक्षण प्राधिकारी की वही शक्तियां होंगी जो विनियम 60 में कथित हैं और विनियम 62 में पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, न्यासी, अभिरक्षक और उनके अपने-अपने कर्मचारियों की बाध्यता इस विनियम के अधीन अन्वेषण को लागू होगी।

(4) It shall be the duty of every director, proprietor, partner, officer or employee of the Mutual Fund, Asset Management Company, Trustee or Custodian to give to the inspecting authority all assistance in connection with the inspection.

Submission of report to the Board

63. The inspecting authority shall, as soon as may be possible, submit an inspection report to the Board.

Communications of findings, etc. to the Mutual Fund

64. The Board shall after consideration of the inspection report communicate the findings to the concerned person to give him an opportunity of being heard before any action is taken by the Board on the findings of the inspecting authority.

Appointment of Auditor

65. Notwithstanding anything contained in any regulation of this chapter, the Board shall have the power to appoint an auditor to investigate into the books of accounts or the affairs of the Mutual Fund, Trustee or Asset Management Company or Custodian on the basis of the report of the investigating authority under regulation 63.

Provided that the Auditor so appointed shall have the same powers of the inspecting authority as stated in Regulation 60 and the obligation of the Mutual Fund, Asset Management Company, Trustee, Custodian and their respective employees in Regulation 62, shall be applicable to the investigation under this regulation.

अध्याय 8

व्यति क्रम की दशा में कार्रवाई के लिए प्रक्रिया

व्यतिक्रम की दशा में कार्रवाई के लिए दायित्व।

66. (1) जो कोई -

(क) किसी ऐसी शर्त का पालन करने में असफल रहेगा जिसके अधीन रहते हुए रजिस्ट्रीकरण दिया गया है; या

(ख) अधिनियम या विनियमों के किसी भी उपलब्ध का उल्लघंन करेगा;

वह उप-विनियम (2) में विनिर्दिष्ट किसी भी शास्ति का दायी होगा ।

(2) उप-विनियम (1) में निर्दिष्ट शास्तियां निम्नलिखित हो सकेंगी:-

(क) जांच के पश्चात् किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए रजिस्ट्रीकरण का रद्दकरण;

(ग) कोई और स्कीमें चालू करना प्रतिषिद्ध करना;

(घ) पारस्परिक निधि के लिए आस्ति प्रबंध कंपनी के रूप में कार्य करने से उसे प्रतिषिद्ध करना,

(ङ) कोई अन्य पारस्परिक निधि गठित करना प्रतिषिद्धि करना,

परंतु यह कि निलंबन का कोई भी आदेश -

(i) अनुसूचित बैंकों द्वारा प्रायोजित पारस्परिक निधियों की बाबत भारतीय रिजर्व बैंक;

(ii) किसी अन्य पारस्परिक निधि की बाबत केन्द्रीय सरकार की पूर्व सहमति के बिना पारित नहीं किया जा सकेगा ।

पारस्परिक निधि के रजिस्ट्रीकरण का निलंबन।

67. (1) किसी पारस्परिक निधि के रजिस्ट्रीकरण के निलंबन की शास्ति तभी अधिरोपित की जा सकेगी यदि -

(i) पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, उस पारस्परिक निधि का न्यासी, अधिनियम या विनियमों के उपबंधों का अतिक्रमण करता है;

(ii) (क) पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी, उस पारस्परिक निधि का न्यासी इन विनियमों के अधीन अपेक्षित अपने क्रियाकलाप से संबंधित कोई जानकारी देने में असफल रहता है;

CHAPTER VIII

PROCEDURE FOR ACTION IN CASE OF DEFAULT

Liability for action in case of default

66. (1) Whoever, -

(a) fails to comply with any condition subject to which registration has been granted; or

(b) contravenes any of the provisions of the Act or regulations,

shall be liable to any of the penalties specified in sub-regulation (2).

(2) The penalties referred to in sub-regulation (1) may be :-

(a) suspension of registration after the enquiry for a specified period;

(b) cancellation of registration;

(c) prohibition against floating of any further schemes;

(d) prohibiting the Asset Management Company from acting as such for a Mutual Fund.

(e) prohibiting against constituting any other Mutual Fund.

Provided that, no order for suspension may be passed without prior concurrence of-

(i) The Reserve Bank of India in respect of Mutual Funds sponsored by scheduled banks;

(ii) the Central Government in respect of any other Mutual Fund.

Suspension of registration of Mutual Fund.

67. (1) A penalty of suspension of registration of a Mutual Fund may be imposed if -

(i) the Mutual Fund, Asset Management Company, Trustee of that Mutual Fund violates the provisions of the Act or regulations;

(ii) the Mutual Fund, Asset Management Company, Trustee of that Mutual Fund

(ख) गलत या मिथ्या जानकारी देता है;

(ग) इन विनियमों के अधीन अपेक्षित कालिक विवरणियां प्रस्तुत नहीं करता है;

(घ) बोर्ड द्वारा संचालित किसी जांच में सहयोग नहीं देता है;

(iii) पारस्परिक निधि विनिधानकर्ताओं की शिकायतों को दूर करने में असफल रहती है या बोर्ड को इस निमित्त समाधानप्रद उपर देने में असफल रहती है;

(iv) पारस्परिक निधि छलसाधन या कीमत में धोखा-घड़ी करने या बाजार मुट्ठी में करने के क्रियाकलाप में लगती है;

(v) पारस्परिक निधि अवचार या अनुचित या कारबार रीति विरुद्ध या अवृत्तिक आचरण की दोषी है जो अनुसूची 9 में विनिर्दिष्ट आचार संहिता के अनुसार नहीं है;

(vi) पारस्परिक निधि की आस्ति प्रबंध कंपनी शुद्ध मिल्कियत को विनियम 20 के उपबंधों के अनुसार बनाए रखने में असफल रहती है;

(vii) पारस्परिक निधि फीस का संदाय करने में असफल रहती हैं;

(viii) पारस्परिक निधि रजिस्ट्रीकरण की शर्त का अतिक्रमण करती है;

(ix) पारस्परिक निधि, आस्ति प्रबंध कंपनी या उस पारस्परिक निधि का न्यासी विनियमों में विनिर्दिष्ट अपनी बाध्यताओं का निर्वहन नहीं करता है ।

पारस्परिक निधि के रजिस्ट्रीकरण का रद्दकरण ।

68. पारस्परिक निधि के रजिस्ट्रीकरण के रद्दकरण की शास्ति तभी अधिरोपित की जा सकेगी यदि -

